


दैनिक

# पुष्पांजली टुडे

नई सोच, नई पहल

■ ग्वालियर ■ वर्ष : 1 ■ अंक : 153

ग्वालियर, रविवार, 20 फरवरी, 2022

पृष्ठ 8 ■ मूल्य : 2 रु.




## अखिलेश बाबू डराते किसे हैं, पहले और दूसरे चरण में ही साफ हो गया सपा और बसपा का सूपड़ा : शाह


**कानपुर।** यूपी विधानसभा चुनाव में बांदा के तिंदवारी विधानसभा क्षेत्र में आयोजित जनसभा में केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने सपा, बसपा और कांग्रेस पर निशाना साधा तो अखिलेश यादव पर तंज कसा। उन्होंने पहले व दूसरे चरण में सपा बसपा का सूपड़ा साफ होने की बात कही, तो अखिलेश यादव को चेतावनी दी कि हम किसी से डरते नहीं हैं। उन्होंने बुंदेलखंड में पानी का संकट दूर करने के लिए भाजपा सरकार द्वारा शुरू की गई परियोजनाओं को गिनाया और डिफेंस कॉरीडोर की स्थापना किए जाने की बात कही। बांदा के तिंदवारी में आयोजित जनसभा में केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने संबोधन की शुरुआत भारत माता की जय के उद्घोधन से की। उनहोंने बाबा बामदेव की धरती को नमन किया और मां रानी दुर्गावती के साहस को याद किया। उन्होंने चालीस साल से गायब मां योगिनी की मूर्ति वापस लाए जाने पर प्रणाम किया। कहा, पहले और दूसरे चरण में जाकर आया हूं, इसमें सपा और बसपा का सूपड़ा साफ हो गया है। पहले और दूसरे चरण में नींव पड़ चुकी और तीसरे और चौथे चरण में बुंदेलखंड को भाजपा की जीत की इमारत खड़ी करनी है। यूपी के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने बहुत सारे बाहुबलियों का सफाया करने का काम किया है। कुछ दिन पहले अखिलेश बाबू पूछ रहे थे, कि योगी जी ने किया क्या है। मैं तो कहता हूं जिसका



पीला चश्मा होता है उसको सब पीला ही पीला दिखाई देता है। जाकर किसी मां-बहन से पूछिए कि उत्तर प्रदेश में सुरक्षा बढ़ी है, यहां की माताएं बहनें बताएंगी कि उनकी सुरक्षा बढ़ी है कि नहीं। सपा-बसपा के शासन में जो माफिया थे, वह अब नहीं हैं। योगी जी ने माफियाओं का सफाया कर दिया है। लूट में 62, हत्या में 31 फीसद और दुष्कर्म में 50 फीसदी अपराध कम हुए हैं। दस साल तक केंद्र में सपा-बसपा के समर्थन से सरकार चली। उन्होंने कहा कि दस साल तक आलिया मालिया जमालिया घुसकर आते थे और हमारे जवानों के सिर काटकर ले जाते थे और वे उफ तक नहीं करते थे। भाजपा की सरकार आई और सर्जिकल स्ट्राइक की। आतंकवाद को सपा, बसपा और कांग्रेस समाप्त कर सकती है क्या, इसे केवल भाजपा ही समाप्त कर सकती है। कहा, हमारा कश्मीर हमेशा भारत के साथ जुड़ा रहे, इसके लिए धारा 370 हटाने का काम किया तो अखिलेश बाबू आकर खड़े हो गए, कहने लगे कि खून की नदिया बह जाएंगे। अखिलेश बाबू किसे डराते हो, हम डरने वाले नहीं है। भारतीय जनता पार्टी की सरकार ने धारा 370 हटा दिया तो क्या एक कंकड़ तक नहीं चला। उन्होंने कहा कि साइकिल की सरकार लाए तो उत्तर प्रदेश में आतंकवादियों को सप्लाई करने का काम शुरू हो जाएगा। आतंकवाद पर भारतीय जनता पार्टी जीरो टोलरेंस की नीति के आधार पर चलती है।

## एनआईए का खुलासा- भारत को दहलाने का षड़्यंत्र रच रहा था दाऊद इब्राहिम

**नई दिल्ली।** माफिया सरगना दाउद इब्राहिम ने भारत की भूमि को रक्त रंजित करने के लिए एक स्पेशल ग्रुप का गठन किया है। राष्ट्रीय जांच एजेंसी (एनआईए) ने इसका खुलासा किया है। बताया कि अंडरवर्ल्ड डॉन दाऊद



इब्राहिम ने भारत को निशाना बनाने के लिए एक स्पेशल ग्रुप का गठन किया है। उनकी हिट लिस्ट में नेताओं और प्रसिद्ध व्यापारियों के नाम शामिल हैं। एक रिपोर्ट के मुताबिक, एनआईए ने एफआईआर दर्ज की है। जिसमें खुलासा किया गया है कि दाऊद इब्राहिम अपने स्पेशल ग्रुप के साथ देश के विभिन्न हिस्सों में हिंसा भड़काने के उद्देश्य से विस्फोटक और घातक हथियारों का इस्तेमाल करने की योजना बना रहा था। रिपोर्ट के मुताबिक, दाऊद इब्राहिम के स्पेशल ग्रुप के निशाने पर राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली और मुंबई जैसे कई बड़े शहर हैं। आपको बता दें कि एनआईए ने हाल ही में दाऊद इब्राहिम के खिलाफ एफआईआर दर्ज की थी। उसी आधार पर प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने दाऊद इब्राहिम और उसके सहयोगियों के खिलाफ धनशोधन का मामला दर्ज किया था। जिसके तहत दाऊद इब्राहिम के भाई इकबाल कासकर, उसके सहयोगियों से पूछताछ करेगी।

## रूस-यूक्रेन संकट : तनाव के बीच रूस ने परमाणु अभ्यास के रूप में लॉन्च की हाइपरसोनिक मिसाइल

**नई दिल्ली।** यूक्रेन से जारी तनाव के बीच रूस ने शनिवार को हाइपरसोनिक मिसाइलें लान्च की हैं। राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन और



उनके बेलारूसी समकक्ष की देखरेख में रणनीतिक परमाणु अभ्यास के हिस्से के रूप में बैलिस्टिक और क्रूज मिसाइलों का अभ्यास किया गया। ये मिसाइलें हवा और पानी दोनों में हमला करने में माहिर हैं। रूस के राष्ट्रपति कार्यालय (क्रेमलिन) ने इस बात की जानकारी दी है। क्रेमलिन ने एक बयान में कहा कि वार्षिक अभ्यास में किंजल और सिर्कोन हाइपरसोनिक मिसाइलों और कई अन्य हथियारों का प्रक्षेपण किया गया है। रूसी रक्षा मंत्रालय के अनुसार पहले से ही इस अभ्यास की योजना बनाई गई थी, जिसमें रूसी एयरोस्पेस बलों, दक्षिणी सैन्य जिला इकाइयों, सामरिक मिसाइल बलों को शामिल किया गया है। मंत्रालय ने दावा किया कि अभ्यास का उद्देश्य सैन्य कमान, लड़ाकू लान्चिंग इकाइयों, लड़ाकू जहाजों के चालक दल और रणनीतिक मिसाइल वाहक की तैयारी का परीक्षण करना है। साथ ही कहा कि इस अभ्यास के दौरान रणनीतिक परमाणु और गैर-परमाणु बलों की विश्वसनीयता की जांच करना है। रूसी रक्षा मंत्रालय के अनुसार यह देश की परमाणु क्षमता की तैयारी को परखने का अभ्यास है।

## पीएम मोदी ने एशिया के सबसे बड़े बायो सीएनजी प्लांट का किया वर्चुअल तरीके से लोकार्पण

**इंदौर।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी अब से कुछ ही देर में इंदौर में बने एशिया के सबसे बड़े बायो सीएनजी प्लांट गोबर-धन का वर्चुअल तरीके से लोकार्पण किया। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा जब हम पढ़ते थे तो इंदौर के नाम के साथ देवी अहिल्याबाई होलकर को याद करते थे। आज भी इंदौर ने देवी अहिल्या की प्रेरणा को नहीं खोया। इंदौर वाले सिर्फ सेव के शौकीन ही नही है, उन्हें सेवा करना भी आता है। प्रधानमंत्री ने सीएनजी प्लांट के लिए इंदौरवासियों और सीएम शिवराज की टीम और पूर्व सांसद सुमित्रा महाजन और सांसद लालवानी को भी बधाई दी। प्रधानमंत्री ने इंदौर की प्रशंसा के साथ वाराणसी की प्रशंसा की, बोले वहां पर देवी अहिल्या बाई की प्रतिमा भी रखी है, इंदौर वाले वहां जाएंगे तो अहिल्या प्रतिमा के दर्शन करेंगे। इंदौर के कचरे और पशुधन से गोबर धन और इससे स्वस्चता धन और फिर ऊर्जा धन बनेगा। उन्होंने कहा यह गोबर-धन बायो सीएनजी प्लांट कचरे को कंचन बनाने का काम है। देश के अन्य शहरों और गांवों में भी इस तरह के प्लांट बन रहे है। इससे पशुपालकों को गोबर से आय हो रही है।

प्रधानमंत्री ने कहा कि कचरे से कंचन बनाने के अभियान की जानकारी ज्यादा से ज्यादा लोगों को दी जाना चाहिए। यहां बनने वाली जैविक खाद से धरती मां को जीवन दान मिलेगा। इस प्लांट से लोगों को रोजगार मिलेगा। इस तरह ग्रीन रोजगार विकसित होंगे, बीते 7 वर्षों में हमारी सरकार ने जो योजनाए बनाई है, वो स्थाई समाधान देने का काम कर रही है। शहरों को कूड़े के पहाड़ों से मुक्त करने का लक्ष्य है। इंदौर एक माडल के रूप में तैयार हुआ है। आज देवगुराड़िया में जहां प्लांट है, वहां पहले कूड़े का ढेर होता था, जिसे इंदौर ने बदला है। प्रधानमंत्री ने कहा कि कूड़े के पहाड़ों से हमारे शहरों को मुक्ति मिले और उन्हें ग्रीन ज़ोन के रूप में तैयार करेंगे।



### सीएम कहा, इंदौर में नदियों को पुर्नजीवित किया जा रहा है

सीएम शिवराज सिंह चौहान ने अपने संबोधन में कहा, इंदौर के लोगो को बधाई देता हूं। इंदौर एकमात्र ऐसा शहर है जो 6 तरह के कचरे को अलग करता है। 20 से ज्यादा बाजार जीरो वेस्ट बने है, 3 हजार बेकलेन बनी जहां बच्चे खेलते है। इंदौर में मैं भी झोलाधारी इंदौर चलाया जा रहा है। यहां नदियों को पुर्नजीवित किया जा रहा है प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मंत्र को भोपाल, जबलपुर और रीवा भी इसी ओर बढ़ रहे हैं। इस प्लांट में गीले कचरे से खाद बनाई जाएगी। इस प्लांट में बैक्टीरिया तैयार करने में गोबर का इस्तेमाल करेंगे, किसानों से गोबर खरीदा जाएगा। प्लांट में सौर उर्जा का उपयोग करेगा। इस तरह आम के आम गुठलियों के दाम की कहानी को चरितार्थ करता है यह प्रोजेक्ट। ऊर्जा साक्षरता का अभियान प्रदेश में चला रहे है, ताकि ऊर्जा को बचाने के साथ निर्माण भी हो।

### स्वच्छ होते शहर में नई संभावना पर्यटन की

देश को सिंगल यूज प्लास्टिक से मुक्ति दिलाने के लिए 1600 शहरों में मैटीरियल रिकवरी सेंटर बनाएं जा रहे हैं। स्वच्छ होते शहर में नई संभावना पर्यटन की है। जब शहर स्वच्छ होंगे तो दूसरे शहरों से लोग वहां आएंगे। कई लोग इंदौर की सफाई को देखने आते है। इंदौर ने वाटर प्लस को हासिल कर देश के अन्य शहरों को दिशा दिखाने का काम किया है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा कि समस्याओं को पहचान कर यदि इमानदार प्रयास किया जाए तो बदलाव संभव है। हमारे पास तेल के कुएं नहीं लेकिन बायो फ्यूल से इथेनाल बनाने की क्षमता है।पेट्रोल में एथेनाल का प्रतिशत 8 प्रतिशत तक है। पहले देश मे 40 करोड़ एथेनाल ब्लेंडिंग में इस्तेमाल होता था अब 300 करोड़ एथेनाल ब्लेंडिंग के लिए उपयोग हो रहा है। भारत सोलर से बिजली बनाने में दुनिया के पांच प्रमुख शहरों में शामिल है।

### बायो सीएनजी प्लांट : एक नजर

- 550 टन गीले कचरे से 17500 किलो बायो सीएनजी तैयार
- अगस्त 2020 में शुरु हुआ था निर्माण
- 150 करोड़ रुपये हुए खर्च
- 100 टन प्रतिदिन खाद तैयार होगी
- 15 एकड़ में बना हुआ प्लांट
- 600 टन प्रतिदिन गीले कचरे की कटाई कर सीएनजी बनाने के लिए स्लरी तैयार की जाएगी।
- 4 डाइजेस्ट में स्लरी को डाला जाएगा जिससे बायोगैस तैयार होगी। अभी 250 टन क्षमता के दो डाइजेस्टर में गीला कचरा डालकर बायो सीएनजी गैस तैयार की जा रही। अन्य दो डाइजेस्टर में कल्चर तैयार होग रहा है, इसमें मार्च माह के शुरुआत में गीला कचरा डाल बायो सीएनजी का उत्पादन शुरु किया जाएगा।
- 2 शिफ्ट में सुबह व रात को होगा प्लांट का संचालन।
- 65 कर्मचारी यहां करेंगे काम।
- सेंट्रल कमांड कंट्रोल रुम से प्लांट की होगी मानीटरिंग।
- 400 सिटी बसों को बायो सीएनजी उपलब्ध करवाने की है योजना। उदघाटन के दिन 25 बसों को दिया जाएगा ईंधन।
- 300 किलो बायो सीएनजी अभी हुई है तैयार। रविवार से 500 किलो बायो सीएनजी तैयार होगी और फरवरी माह के अंत तक 2 हजार किलो बायो सीएनजी तैयार होगी।
- एक वर्ष में 200 से ज्यादा बार गीले कचरे की टेस्टिंग कर जांची शुद्धता, यह पता किया गया कि कही सूखा कचरा तो गीले के साथ नहीं आ रहा।
- 96 फीसद मीथेन वाली बायो सीएनजी होगी तैयार।
- इस प्लांट के चलाने 1 लाख 30 हजार टन कार्बन डाइ आक्साइड की प्रतिवर्ष बचत होगी ।

## खास खबर

### आतंकवाद की साजिश के मामले में 28 आरोपियों को गिरफ्तारी

**नई दिल्ली।** राष्ट्रीय अन्वेषण अभिकरण (एनआईए) ने आतंकवाद की साजिश के मामले में शनिवार को जम्मू कश्मीर और राजस्थान में कई स्थानों पर तलाशी ली। एनआईए के प्रवक्ता ने इसकी जानकारी दी। प्रवक्ता ने बताया कि मामले में अब तक 28 आरोपियों को गिरफ्तार किया जा चुका है। एनआईए ने कहा कि जम्मू कश्मीर के सोपोर, कुपवाड़ा, शोपियां, राजौरी, बडगाम और गांदेरबल तथा राजस्थान के जोधपुर जिले में आठ स्थानों पर तलाशी ली गई। शनिवार को की गई तलाशी के दौरान विभिन्न आपत्तिजनक दस्तावेज, डिजिटल उपकरण, सिम कार्ड और डिजिटल स्टोरेज डिवाइस जब्त किए हैं। प्रवक्ता ने बताया कि मामला प्रतिबंधित आतंकवादी संगठनों लश्कर-ए-तैयबा (एलईटी), जैश-ए-मोहम्मद (जेईएम), हिज्बुल मुजाहिदीन (एचएम) और अल बद्र तथा उनके सहयोगी संगठनों द रेसिस्टेंस फ्रंट (टीआरएफ) और पीपल अगेंस्ट फासिस्ट फोर्सेज (पीएएफएफ) से जुड़े लोगों द्वारा जम्मू कश्मीर और नई दिल्ली सहित अन्य प्रमुख शहरों में आतंकवादी घटनाओं को अंजाम देने की साजिश से संबंधित है। एनआईए ने कहा कि मामले में आगे की जांच जारी है।

### अखिलेश बोले- चौथे चरण तक सपा को मिल जाएगा बहुमत

**पीलीभीत।** तीसरे और चौथे चरण के मतदान से पहले पीलीभीत प्रचार के लिए पहुंचे सपा प्रमुख अखिलेश यादव ने भाजपा पर निशाना साधा। अखिलेश ने मंच पर पहुंचते ही कहा, पहले और दूसरे चरण में हम सीटों का शतक लगा चुके हैं। तीसरे और चौथे चरण में भी इसे दोहराएंगे और सौ सीटें लेंगे। चौथे चरण तक बहुमत मिल जाएगा। अखिलेश ने इस दौरान सीएम योगी पर काका तंज कसा। वापस हुए तीन कृषि कानून को अखिलेश यादव ने काका बताया। पीलीभीत में अपने 45 मिनट के संबोधन में अखिलेश ने कहा कि काका गए तो अब बाबा भी जाएंगे। नौजवान और किसान इस बार भाजपा की भाप निकाल देंगे। उत्तर प्रदेश का यह चुनाव सूबे का भविष्य तय करेगा। भाजपा की रीतियों और नीतियों पर बोलते हुए सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव ने भाजपा पर तंज कसे। ड्रमंड कॉलेज मैदान में आयोजित जनसभा में उन्होंने अपने घोषणा पत्र पर भी विचार रखे। साथ ही जिले में चारों सीटों को जिताने का आह्वान जनता जर्नादन से किया।

### शोपियां में सुरक्षाबलों ने एक आतंकी ढेर किया, सेना के दो जवान शहीद

**श्रीनगर।** जम्मू-कश्मीर में सुरक्षाबलों की मुस्तैदी के चलते आतंकवादियों के हौंसले पस्त है। यहां संवेदनशील शोपियां जिले में शनिवार को मुठभेड़ में एक आतंकवादी मारा गया और सेना के दो जवान शहीद हो गए। अधिकारियों ने यहां बताया कि शोपियां में जैनापुरा इलाके के चेरमार्ग में आतंकवादियों की मौजूदगी की खुफिया सूचना मिलने के बाद सुरक्षा बलों ने इलाके की घेराबंदी की और वहां तलाश अभियान चलाया।उन्होंने बताया कि जब सुरक्षा बल इलाके में तलाश अभियान चला रहे थे तभी वहां छिपे आतंकवादियों ने उन पर गोलियां चला दीं।

### भाजपा ने गरीब विरोधी, युवा विरोधी नीतियां आगे बढ़ाई : फारूक अब्दुल्ला

**जम्मू।** नेशनल कान्फ्रेंस (नेकां) अध्यक्ष फारूक अब्दुल्ला ने केंद्र की भाजपानीत मोदी सरकार पर गरीब विरोधी और युवा विरोधी नीतियां आगे बढ़ाने का गंभीर आरोप लगाते हुए हमला बोला है। जम्मू-कश्मीर के पूर्व मुख्यमंत्री ने दावा किया कि पिछले कुछ वर्षों में लोगों समस्याएं बढ़ गई हैं और सबसे अधिक दिक्कतों का सामना बढ़ती बेरोजगारी दर के चलते समाज के शिक्षित, बेरोजगार वर्ग को करना पड़ रहा है। नेशनल कांफ्रेंस छात्र संघ के एक प्रतिनिधिमंडल के साथ बातचीत करते हुए, अब्दुल्ला ने कहा कि अभ्यर्थियों के के लिए सीमित विकल्प उपलब्ध होने और भर्ती प्रक्रिया की धीमी गति के कारण बेरोजगारी कई गुना बढ़ गई है। उन्होंने कहा कि नेशनल कांफ्रेंस (नेकां) हमेशा युवाओं के साथ खड़ी रही है।

## मदुरै निकाय चुनाव में भाजपा बूथ एजेंट ने मुस्लिम महिलाओं से हिजाब हटाने को कहा, मचा बवाल



**मदुरै।** कर्नाटक के शैक्षणिक संस्थान से पैदा हुए हिजाब विवाद का असर अब तमिलनाडु के शहरी स्थानीय निकाय चुनाव में भी दिखने लगा है। आज पूरे तमिलनाडु में निकाय चुनाव हो रहे हैं। इस दौरान मदुरै में एक भाजपा बूथ एजेंट ने मतदान करने आई मुस्लिम महिलाओं से हिजाब हटाने की मांग कर दी। इसके बाद बूथ पर हंगामा हो गया और विरोधी पार्टियों ने एजेंट को बूथ से हटाने की मांग शुरू कर दी। काफी देर तक चले हंगामे के बाद एजेंट को बूथ से हटा दिया गया और किसी तरह मतदान शुरू हुआ। मामला मदुरै के मेलूर में स्थित अल-अमीन स्कूल मतदान केंद्र का है। यहां स्थानीय निकाय चुनाव के तहत वार्ड 8 में मतदान चल रहा था। इस दौरान भाजपा के बूथ एजेंट गिरिराजन ने मुस्लिम महिलाओं से हिजाब हटाने की मांग की। जिसके बाद मतदान केंद्र पर हंगामा हो गया और काफी देर तक मतदान बाधित रहा। गिरिराजन का कहना है कि उनके हिजाब पहनने से मतदान में देरी हो रही थी। वहीं, डीएमके और एआईएडीएमके सहित कई पार्टी के एजेंटों और अधिकारियों ने गिरिराजन को मतदान केंद्र से हटाने की मांग की। इसके बाद अल-अमीन स्कूल में मतदान केंद्र पर कुछ देर के लिए तनावपूर्ण स्थिति बनी रही।

## हिजाब विवाद- छात्राओं को हिजाब पहनने से रोकने पर कर्नाटक में प्रिंसिपल को जान से मारने की धमकी, पुलिस ने दर्ज की शिकायत

**बेंगलुरु।** कर्नाटक में हिजाब विवाद को लेकर तनाव बढ़ता दिख रहा है। कालेज से हिजाब पहने छात्राओं को वापस भेजने पर प्रिंसिपल को जान से मारने की धमकी दी गई है। मामले में शिकायत के बाद पुलिस ने धमकी देने वाले युवक के खिलाफ शिकायत दर्ज कर ली है। मदिकेरी जिले के जूनियर कालेज प्रिंसिपल विजय की शिकायत के बाद साइबर क्राइम पुलिस ने मामले में जांच शुरू कर दी है।

### सोशल मीडिया पर जान से मारने की धमकी

समाचार एजेंसी आईएएनएस के मुताबिक मोहम्मद तौसीफ नाम के युवक ने सोशल मीडिया पर प्रिंसिपल को धमकी दी थी। अपनी सफाई में जूनियर कालेज प्रिंसिपल के विजय ने बताया कि उन्होंने छात्रों से सिर्फ सरकारी आदेश का पालन करने के लिए कहा था। उन्होंने कर्नाटक हाई कोर्ट द्वारा जारी अंतरिम आदेश को लेकर बच्चों को समझाने की कोशिश कि लेकिन इसके विपरीत छात्रों ने बहस शुरू कर दी। विजय ने छात्रों को नासमझ बताया, लेकिन सोशल मीडिया पर धमकी के खिलाफ उन्होंने रोष व्यक्त किया है।

## केंद्र सरकार ने कुमार विश्वास को दी वाई श्रेणी की सुरक्षा, केजरीवाल पर लगाए थे गंभीर आरोप

**नई दिल्ली।** केंद्र सरकार ने आम आदमी पार्टी (आप) के पूर्व नेता कुमार विश्वास को वाई श्रेणी की सुरक्षा देने का फैसला किया है। अब केंद्रीय सुरक्षा एजेंसी CRPF के जरिए कुमार विश्वास को वाई श्रेणी की सुरक्षा मुहैया कराई जाएगी। विश्वास के आप संयोजक और दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल के खिलाफ आरोप लगाए जाने के बाद यह कदम उठाया गया है। इससे पहले गृह मंत्रालय ने कहा था कि सरकार कुमार विश्वास की सुरक्षा की समीक्षा कर रही है। समीक्षा करने के बाद तथा खुफिया सूचनाओं के आधार पर खतरे का आकलन करते हुए उन्हें सुरक्षा दी गई है।

समीक्षा के बाद विश्वास को केंद्रीय सुरक्षा एजेंसी CRPF के जरिए वाई श्रेणी की सुरक्षा दी गई है। विश्वास ने पंजाब में विधानसभा चुनाव के लिए प्रचार के दौरान केजरीवाल पर



अलगाववादियों का समर्थन करने का आरोप लगाया था। पंजाब विधानसभा चुनाव के लिए मतदान 20 फरवरी को होगा।

### क्या होती है वाई श्रेणी की सुरक्षा?

वाई श्रेणी की सुरक्षा में कुल 11 सुरक्षाकर्मी शामिल होते हैं। जिसमें दो पीएसओ (निजी सुरक्षागार्ड) भी होते हैं। केंद्रीय गृह मंत्रालय द्वारा किसी विशिष्ट व्यक्ति की सुरक्षा का आकलन करने के बाद उन्हें उसी के आधार पर सुरक्षा कवर दिया जाता है। देश में चार चरणों में सुरक्षा सिस्टम बंटा हुआ है, जिसमें सबसे शीर्ष पर जेड प्लस (Z +) है, जबकि इसके बाद जेड, वाई और एक्स श्रेणी की सुरक्षाएं आती हैं। कुमार विश्वास को अभी जो सुरक्षा दी गई है, वह वाई श्रेणी की है। वाई श्रेणी की सुरक्षा में 11 सुरक्षाकर्मी होते हैं, जिनमें एक या दो कमांडो और पुलिस कर्मचारी भी होते हैं। इसके तहत दो निजी सुरक्षा अधिकारियों का ऑफर भी किया जाता है। बता दें कि कुमार विश्वास ने दावा किया था दिल्ली के सीएम अरविंद केजरीवाल पंजाब के सीएम या खालिस्तान के पीएम बनने का ख्वाब देखते हैं। कुमार विश्वास ने अरविंद केजरीवाल पर आरोप लगाते हुए कहा था, उन्होंने (केजरीवाल) एक बार मुझसे कहा था कि वे पंजाब के सीएम या खालिस्तान के पीएम बनने का ख्वाब देख रहे हैं।

## राजनाथ सिंह ने कहा, भय से योगी और भूख से पीएम मोदी ने दिलाया छुटकारा

### कांग्रेस पंजाब में कुछ और यूपी में कुछ बोल रही

**लखनऊ।** उत्तरप्रदेश चुनाव को लेकर सियासी घमासान जारी है। यूपी में नेता लगातार एक-दूसरे पर प्रचार में हमलावर हैं। रक्षा मंत्री और भाजपा के वरिष्ठ नेता राजनाथ सिंह भी लगातार उत्तर प्रदेश में चुनाव प्रचार कर रहे हैं। चुनावी रैली के दौरान राजनाथ सिंह केंद्र की मोदी सरकार और राज्य की योगी सरकार के कामकाज को भी गिना रहे हैं। इसी कड़ी में शनिवार को गोंडा में रक्षा मंत्री सिंह ने कहा कि समाजवादी वहां होता है, जो जनता को भय और भूख से छुटकारा दिलाए, भय से योगी जी



और भूख से मोदी जी ने छुटकारा दिलाया है। असली समाजवादी हम हैं और नकली वहां हैं, जो भय और भूख का समाधान करे वहीं सच्चा समाजवादी है। सिंह ने कहा कि अगर बीजेपी सत्ता में आती है, तब हर साल 2 गैस सिलेंडर मुफ्त में दिए जाएंगे, एक होली पर और दूसरा दिवाली पर दिया जाएगा। हम लड़कियों को उनके स्नातक स्तर की पढ़ाई के दौरान एक स्कूटी भी देने वाले हैं। उन्होंने कहा कि पंजाब के कांग्रेस के मुख्यमंत्री ने एक बयान दिया कि यूपी बिहार के लोगों को घुसने नहीं दिया जाएगा, और कांग्रेस की नेता प्रियंका गांधी वाड्रा वह खड़ी तालियाँ बना रही थीं। कांग्रेस के लोगों से पूछिए कि वहाँ दूसरी भाषा और यहाँ दूसरी भाषा क्यों बोल रहे है? यह लोग बाँटने की राजनीति कर रहे हैं। इससे पहले पूर्व भाजपा अध्यक्ष ने कहा कि प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि के अंतर्गत छह हजार रुपया किसानों को मिल रहा है। उत्तर प्रदेश में भाजपा की सरकार बना दीजिए छह हजार रुपये और यानि 1200 रुपए प्रति वर्ष मिलेगा।

## न्यूज़ ट्रैक....

### हसनैन पर लगा प्रतिबंध: पीसीबी

**इस्लामाबाद** । पाकिस्तान के तेज गेंदबाज मोहम्मद हसनैन अब अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में गेंदबाजी नहीं कर पायेंगे। हसनेन को गेंदबाजी एक्शन सही नहीं होने के कारण अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट से प्रतिबंधित कर दिया गया है। इस क्रिकेटर की शिकायत पिछले माह ऑस्ट्रेलिया में बिग बैश लीग में खेलने के दौरान की गयी थी। इसके बाद हसनेना पाकिस्तान सुपर लीग खेलने के लिए स्वदेश लौट गये थे। यहां हुई जांच में उनके एक्शन को अवैध पाया गया। पीसीबी ने अपने एक बयान में कहा, 'अवैध गेंदबाजी एक्शन नियमों के तहत जब तक मोहम्मद हसनैन दोबारा जांच में सही नहीं पाये जाते, वह अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में गेंदबाजी नहीं कर सकेंगे।' हसनैन ने पाक की ओर से अबतक आठ वनडे और 18 टी20 मैच खेलकर 29 विकेट ले लिए हैं। उन्होंने पीएसएल में तीन मैचों में क्वेटा ग्लैडिएटर्स के लिए तीन विकेट लिए पर निलंबन के कारण उन्हें इस्लामाबाद युनाइटेड के खिलाफ नहीं उतारा गया। अब वह पीएसएल में आगे कोई मैच नहं खेल सकेंगे। पीसीबी ने कहा, 'वह पीसीबी द्वारा नियुक्त गेंदबाजी सलाहकार के साथ अपने एक्शन को सुधारने के लिए काम करेंगे ओर तय समय के बाद समीक्षा के लिए आवेदन कर सकेंगे।।'

### लैंगर का बढ़ सकता है अनुबंध

**सिडनी** । ऑस्ट्रेलियाई क्रिकेट टीम के मुख्य कोच जस्टिन लैंगर का अनुबंध जून में समाप्त होने वाला है पर माना जा रहा है कि जिस प्रकार ऑस्ट्रेलियाई टीम ने टी20 विश्व कप और एशेज सीरीज जीती है। उसको देखते हुए लैंगर का अनुबंध बढ़ाया जा सकता है। वहीं क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया (सीए) के मीडिया में आयी उस रिपोर्ट्स को गलत बताया है जिसमें कहा गया है कि लैंगर के साथ उसके संबंध अच्छे नहीं हैं ,इस कारण उन्हें फिर से आवेदन के लिए कहा गया है। सीए के मुख्य कार्यकारी निक हॉकली और हाई परफार्मेस मैनेजर बेन ओलिवर के बीच हुई मुलाकात के बाद से स्थानीय मीडिया ने कहा कि यह बैठक तनावपूर्ण रही और सीए ने उनसे इस पद के लिये फिर से आवेदन करने को कहा। वहीं सीए ने एक बयान में इन अटकलों को खारिज करते हुए कहा, 'लैंगर, हॉकली और हाई परफार्मेस मैनेजर बेन ओलिवर के बीच हुई बैठक को लेकर जो बातें सामने आयी हैं वह सही नहीं हैं। गौरतलब है कि लैंगर को साल 2018 में दक्षिण अफ्रीका दौरे पर गेंद से छेड़खानी मामले के बाद टीम के मुख्य कोच पद से हटा दिया गया था। उनके कार्यकाल के दौरान टीम को घरेलू धरती पर भारतीय टीम से टेस्ट सीरीज में हार का सामना करना पड़ा था।

### ऑस्ट्रेलियाई के साथ सीरीज रोचक रहेगी : मुश्ताक

**कराची** । पाकिस्तान क्रिकेट टीम के मुख्य कोच सकलेन मुश्ताक ने 24 साल बाद पाकिस्तान दौरे के लिए ऑस्ट्रेलियाई टीम के प्रति आभार व्यक्त किया है। ऑस्ट्रेलियाई टीम 27 फरवरी को पाक पहुंचेगी। यहां उसे तीन टेस्ट, तीन एकदिवसीय और एक टी20 मैच खेलना है। मुश्ताक ने कहा, 'मैं 24 साल बाद पाकिस्तान आने के लिए ऑस्ट्रेलिया को धन्यवाद देता हूं। मुझे भरोसा है कि यह रोचक सीरीज रहेगी।

# वेस्टइंडीज के खिलाफ दूसरे टी-20 में 50 रन बनाने वाले दोनों स्टार खिलाड़ियों को BCCI ने ब्रेक दिया, श्रीलंका सीरीज भी नहीं खेलेंगे

**कोलकाता।** टीम इंडिया के पूर्व कप्तान विराट कोहली और विकेटकीपर बल्लेबाज ऋषभ पंत को BCCI ने ब्रेक दिया है। पंत श्रीलंका के खिलाफ टी-20 सीरीज में भी नहीं खेलेंगे। दोनों घर चले गए हैं। कोहली और पंत को 10 दिन के लिए आराम दिया गया है। दोनों खिलाड़ियों ने दूसरे टी-20 में शानदार अर्धशतक बनाया था जिसके कारण टीम इंडिया को जीत मिली थी।
इससे पहले खबर शुक्रवार को ये खबर आई थी कि कोहली 24 फरवरी से श्रीलंका के खिलाफ शुरू होने वाली तीन मैच की टी-20 सीरीज का भी हिस्सा नहीं होंगे। यह सीरीज लखनऊ में शुरू होगी। इसके बाद धर्मशाला में 26 और 27 फरवरी को बाकी दो मुकाबले खेले जाएंगे।

BCCI के एक सीनियर अधिकारी ने कहा, कोहली शनिवार सुबह अपने घर चले गए। भारत पहले ही सीरीज जीत चुका है। BCCI ने फैसला किया था कि सभी फॉर्मेट में खेलने वाले रेगुलर खिलाड़ियों को समय-समय पर बायो बबल से ब्रेक दिया जाएगा, जिससे उनका वर्कलोड मैनेज हो सके और मानसिक सेहत का ध्यान रखा जा सके। बता दें कि वेस्टइंडीज के खिलाफ दूसरे मुकाबले में कोहली ने शानदार अर्धशतक जड़ा था। वहीं, पंत ने सिर्फ 28 गेंद में 52 रन बनाए थे। दूसरे मुकाबले में ऋषभ मैन ऑफ द मैच भी थे।




### 24 से होगा टी-20 सीरीज का आगाज

BCCI ने टीम इंडिया और श्रीलंका के बीच होने वाली टी-20 और टेस्ट सीरीज के कार्यक्रम का ऐलान पहले ही कर दिया है। श्रीलंकाई टीम के दौरे की शुरुआत 24 फरवरी से लखनऊ में पहले टी-20 मैच के साथ होगी। दो मैचों की टेस्ट सीरीज 4 मार्च से मोहाली में शुरू होगी। पूर्व कप्तान विराट कोहली मोहाली में ही अपना 100वां टेस्ट मैच खेलेंगे।

### रोहित बनेंगे टेस्ट के कप्तान?

BCCI के एक अधिकारी ने अपने बयान में बताया था कि सिलेक्टर्स, प्लेयर्स, कोच सब चाहते हैं कि रोहित शर्मा टेस्ट टीम के भी कप्तान बनें। उन्होंने कहा था कि रोहित के टेस्ट कप्तान बनाए जाने का आधिकारिक ऐलान अगले हफ्ते श्रीलंका के साथ सीरीज के लिए टीम के चयन के बाद किया जाएगा। हिटमैन पहले से ही वनडे और टी-20 फॉर्मेट में टीम इंडिया के कप्तान हैं। कोहली रोहित की कप्तानी में ही अपना 100वां

## भारत 8 रन से जीत के साथ सीरीज जीती, पाक का रिकार्ड तोड़ा

**कोलकाता** । भारत ने तीन 20 - 20 मैच की श्रृंखला के दूसरे टी-20 मैच में टीम इंडिया ने वेस्टइंडीज को 8 रन से हराकर श्रृंखला पर कब्जा किया। विंडीज के सामने 187 रन का टारगेट था, लेकिन टीम 20 ओवर में 3 विकेट खोकर 178 रन ही बना सकी और मुकाबला हार गई। वेस्टइंडीज के खिलाफ भारत ने लगातार चौथी टी-20 सीरीज जीती। टागरेट का पीछा करते हुए ब्रैंडन किंग और काइल मेयर्स ने पहले विकेट के लिए 31 गेंदों पर 34 रन जोड़े। इस पार्टनरशिप को युजवेंद्र चहल ने मेयर्स (9) को आउट कर तोड़ा। रवि बिश्नोई ने ब्रैंडन (22) को आउट कर भारत को दूसरी सफलता दिलाई। इसके बाद तीसरे विकेट के लिए टीम इंडिया को काफी इंतजार करना पड़ा। इससे पहले ऋषभ पंत के नाबाद 52, विराट कोहली जे 52 और वेंकटेश अय्यर ने 33 रन की बदौलत भारत ने वेस्टइंडीज के खिलाफ दूसरे टी-20 मैच में पहले बल्लेबाजी करते हुए 20 ओवर में 5 विकेट खोकर 186 रन बनाए।

## भारत-श्रीलंका मैच में पचास फीसदी दर्शकों को प्रवेश देगा एचपीसीए

**धर्मशाला** । हिमाचल प्रदेश क्रिकेट एसोसिएशन (एचपीसीए) के अनुसार कोरोना संक्रमण का खतरा कम होने के कारण भारत और श्रीलंका के बीच 26 और 27 फरवरी को धर्मशाला स्टेडियम में होने वाले दोनो टी-20 क्रिकेट मुकाबलों में पचास फीसदी दर्शकों को ही प्रवेश मिलेगा। गौरतलब है कि इससे पहले भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) ने कोलकाता में भारत-वेस्टइंडीज के बीच होने वाले सीरीज के अंतिम टी-20 मैच में भी दर्शकों को प्रवेश की अनुमति दे दी है। इसी को देखते हुए धर्मशाला में भी एचपीसीए को भी दर्शकों के प्रवेश की इजाजत दी गयी है। इसके तहत सदस्यों और उनके परिवारों को पास जारी किए जाएंगे। दर्शकों के प्रवेश की इजाजत के बाद अब एचपीसीए जल्द सभी स्टैंडों की साफ-सफाई करेगा। गौरतलब है कि धर्मशाला स्टेडियम में 22000 लोगों के बैठने की क्षमता है और 11000 दर्शकों को प्रवेश मिलेगा। इसमें कॉरपरेट बॉक्स, वीआईपी बॉक्स, क्लब लॉज सहित कुल 14 स्टैंड हैं। धर्मशाला स्टेडियम में भले ही 50 फीसदी दर्शकों के प्रवेश की अनुमति दे दी है पर बीसीसीआई और एचपीसीए को इस दौरान स्वास्थ्य विभाग की कोविड गाइडलाइन का भी पालन करना होगा। दर्शकों को कैसे प्रवेश देंगे, इन सब बातों को ध्यान में रखते हुए बैठक में फैसला लिया जाना है। एचपीसीए सचिव सुमित शर्मा ने कहा कि धर्मशाला में दो टी-20 क्रिकेट मैचों के लिए बीसीसीआई ने 50 फीसदी क्षमता के साथ दर्शकों के लिए प्रवेश की अनुमति दी है। अब ये तय होना है कि टिकटों की बिक्री कब शुरु होगी।

# अनुराग गिरी ने जीता स्कूनर खिताब

**भोपाल** । अनुराग गिरी ने पियूष विश्वकर्मा को 5-1 से हराते हुए भोपाल में खेली गई शहीद भगत सिंह स्नूकर प्रतियोगिता जीत ली। पियूष कुशवाहा ने 75 अंक का हाईएस्ट ब्रेक का अवार्ड अपने नाम किया। प्रतियोगिता 14 से 18 फरवरी तक आयोजित की गई। स्थानीय ब्रेक पाइंट स्नूकर क्लब में आयोजित प्रतियोगिता के खिताबी मुकाबले में स्टेट स्नूकर चैम्पियन अनुराग गिरी ने एकतरफा मुकाबले में जूनियर स्नूकर स्टेट चैम्पियन पियूष कुशवाहा को 5-1 से हराकर खिताब अपने नाम किया। इसके पूर्व सेमीफायनल में अभिषेक सक्सैना को 4-1 से तथा क्वार्टर फायनल में अभिजीत कास्डे को 4-2 से हराया। वहीं पियूष ने सेमीफायनल में शासम सिंघई को 4-1 तथा क्वार्टर फायनल में शानू को 4-0 से परास्त किया। प्रतियोगिता का पुरस्कार वितरण वर्ल्ड न. 2 स्नूकर खिलाड़ी कमल चावला ने आयोजन सचिव संजय सिंह व चीफ रैफरी दिव्य प्रकाश की उपस्थिति में किया।








## अध्ययन से अलग होकर खुद को पूरा समय दे रही हुं:मायरा मिश्रा



बॉलीवुड और टीवी की दुनिया एक ऐसी दुनिया है जहां पर अक्सर सेलेब्स के ब्रेकअप और पैचअप की खबरें सामने आती रहती हैं। ये कहा जा सकता है कि यहां ब्रेकअप और पैचअप की खबरें एक सामान्य बातें हैं। हालांकि ब्रेकअप और पैचअप की खबरें कलाकारों के चाहने वालों को दुखी कर जाती है। हाल ही में टीवी और बॉलीवुड के कई कलाकारों का ब्रेकअप हुआ है। इसी लिस्ट में बॉलीवुड अभिनेता शेखर सुमन के बेटे अध्ययन सुमन का नाम शामिल हो गया है। आपकी जानकारी के लिए बता दें कि शेखर सुमन के बेटे अध्ययन सुमन पिछले काफी समय से टीवी की अभिनेत्री मायरा मिश्रा को डेट कर रहे थे। मायरा मिश्रा को आप ने पिछले साल टीवी शो गुड्डन तुमसे ना हो पाएगा में देख चुके हैं। इस शो से मायरा मिश्रा ने काफी ज्यादा सुर्खियां बटोरी थी। वो आज हर घर में मशहूर है। उनकी अदाकारी को लोगों ने काफी ज्यादा प्यार दिया था। लेकिन अब मायरा मिश्रा को लेकर जो खबर सामने आ रही है उसको सुनने के बाद जरूर उनके चाहने वालों को झटका लगेगा। मायरा मिश्रा अध्यन सुमन को डेट कर रही थी लेकिन उनका ब्रेकअप हो चुका है। इस बात का खुलासा खुद अभिनेत्री मायरा मिश्रा ने हाल ही में एक ख़ास बातचीत में खुलासा किया है। मायरा मिश्रा ने कहा कि वो अध्ययन सुमन से अलग हो चुकी है और वो इस रिश्ते से मुवआन करके खुद को पूरा समय दे रही हैं। अभिनेत्री ने कहा कि हां नवंबर में उनका ब्रेकअप हुआ है। अध्यन अपने इंस्टाग्राम अकाउंट पर ब्रेकअप की स्टोरी लगाता रहता है। लेकिन मैं क्लियर कर दूं कि वह सब मेरे लिए नहीं होती है बल्कि वो उसके नए गाने के लिए होती हैं। आपकी जानकारी के लिए बता दें कि अध्ययन सुमन बॉलीवुड के मशहूर अभिनेता शेखर सुमन के बेटे हैं।

## रेड आउटफिट में दिखा प्रियंका चोपड़ा का बेहद ग्लैमरस अंदाज



एक्ट्रेस प्रियंका चोपड़ा अपनी एक्टिंग के साथ-साथ फैशन को लेकर भी चर्चा में रहती हैं। देश से लेकर विदेशों तक पीसी के स्टाइल को फॉलो किया जाता है। इसी बीच प्रियंका ने अपनी लेटेस्ट तस्वीरों से तहलका मचा दिया है। तस्वीरों में पीसी बॉडीफिट आउटफिट में नजर आ रही हैं। प्रियंका ने ये फोटोशूट पति निक जोनस के म्यूजिक एल्बम स्पेसमैन के प्रमोशन के लिए करवाया है। तस्वीरों में पीसी स्किनफिट आउटफिट में अपना परफेक्ट फिगर फ्लॉन्ट कर रही हैं। प्रियंका ने अपने लुक को मिनिमल मेकअप, रेड लिपस्टिक और ओपन हेयर्स से कंप्लीट किया है। इस दौरान पीसी ने ड्रेस के साथ मैचिंग हाई हील्स गम बूट्स पेयर किए। कुछ तस्वीरों में देसी गर्ल आधी रात को सुनसान सड़क पर पोज देती दिख रही हैं। वहीं कुछ तस्वीरों में वह घर में ही दिख रही हैं। हर तस्वीर में देसी गर्ल का अलग अंदाज देखने को मिल रहा है। फैंस उनकी इन तस्वीरों को काफी पसंद कर रहे हैं।

### अमृता राव ने शेयर की अपने बेटे वीर की पहली तस्वीर, सोशल मीडिया पर वायरल

विवाह फेम अभिनेत्री अमृता राव और उनके पति रेडियो जॉकी अनमोल सूद पिछले साल नवम्बर में पहले बच्चे के माता-पिता बने हैं। माता -पिता बनने के लगभग चार महीने बाद अब अमृता राव और उनके पति अनमोल सूद ने दुनिया को अपने बेटे का दीदार कराया हैं। आरजे अनमोल ने गुरुवार को अपने बेटे की पहली तस्वीर सोशल मीडिया पर फैंस के साथ साझा की है। अमृता और आरजे अनमोल के बेटे की यह पहली तस्वीर हैं, जिसमें उनके बेटे का चेहरा नजर आ रहा हैं। इस तस्वीर में अमृता , आरजे अनमोल और उनके बेटे वीर तीनों एक ही फ्रेम में हंसते हुए नजर आ रहे हैं।



## सिद्धार्थ के साथ रिश्ते पर किआरा आडवाणी ने तोड़ी चुप्पी



हाल ही में सालों में बॉलीवुड में ऐसे कई कलाकारों की एंट्री हुई है जिन्होंने अपने अभिनय और किरदार से दर्शकों के दिलों में एक खास जगह बनाई है। इस लिस्ट में सबसे पहले नाम अभिनेत्री किआरा आडवाणी का नाम आता है। किआरा आडवाणी ने बॉलीवुड में आज अपनी एक अलग पहचान बनाई है। अपनी प्रोफेशनल लाइफ के साथ साथ किआरा आडवाणी अपनी पर्सनल लाइफ को लेकर भी अक्सर चर्चा में बनी रहती है। जी हां आपकी जानकारी के लिए बता दें कि किआरा आडवाणी इन दिनों बॉलीवुड के अभिनेता सिद्धार्थ मल्होत्रा को डेट कर रही है। ऐसा खबरों में कहा जा रहा है। हालांकि किआरा आडवाणी और सिद्धार्थ मल्होत्रा को एक साथ कई मौकों पर स्पॉट भी किया गया है। ये दोनों एक साथ वेकेशन मनाने और डिनर डेट पर भी अक्सर नजर आते है। यही कारण है कि इन दोनों के अफेयर को लेकर कई तरह के कयास भी लगाए जाते है। इस पर अब खुद अभिनेत्री किआरा आडवाणी की प्रतिक्रिया सामने आ चुकी है। किआरा आडवाणी ने हाल ही में एक खास बातचीत में अपने और सिद्धार्थ मल्होत्रा के रिश्ते को लेकर खुलकर बात की है। किआरा आडवाणी से जब सिद्धार्थ मल्होत्रा को डेट करने का सवाल पूछा गया तो वो चुप रही। इसके बाद जब उनसे पूछा गया कि वो आखिरी बार कब डेट पर गई थी तो उन्होंने इसके जवाब में कहा कि, वो आखिरी बार जब डेट पर गई थी तो वो इसी साल थी। इस साल के दो महीने पहले ही वो डेट पर गई हैं। साथ ही अभिनेत्री ने कहा कि आप लोग मैथ कर चुके होंगे या आइडिया लगा चुके होंगे मैं किसकी बात कर रही हूं। गौरतलब है कि अभिनेत्री किआरा आडवाणी इस साल की शुरूआत में अभिनेता सिद्धार्थ मल्होत्रा के साथ डेट पर गई थी। इस दौरान दोनों को एयरपोर्ट पर स्पॉट भी किया गया था। अगर हम बात करें किआरा आडवणी और सिद्धार्थ मल्होत्रा की तो ये दोनों जल्द ही एक साथ फिल्म शेरशाह में नजर आने वाले है।



## ओटीटी पर रिलीज हुई 90 प्रतिशत फिल्में बेकार थीं :जॉन अब्राहम

बॉलीवुड अभिनेता जॉन अब्राहम इन दिनों अपनी दो फिल्मों को लेकर काफी चर्चा में बने हुए है। उनकी फिल्म सत्यमेव जयते 2 रिलीज होने वाली है। इस फिल्म को सलमान खान की मेगाबजट फिल्म राधे से टक्कर मिलने वाली है। सत्यमेव जयते 2 को बड़े पर्दे पर रिलीज किया जा रहा है। फिल्म को थिएटर में दिखाने का मन बना लिया गया है।




पहले खबर आ रही थी कि जॉन की इस फिल्म को ओटीटी पर रिलीज किया जाएगा। जैसे दूसरे बड़े सेलेब्स ने कोरोना काल में अपनी फिल्म को ओटीटी पर रिलीज कर समझौता किया था, कहा गया कि जॉन भी ये रास्ता अपना सकते हैं। अब मेकर्स जरूर इसकी कोशिश कर रहे थे, लेकिन जॉन इसके पक्ष में नहीं थे। वे अपने ड्रीम प्रोजेक्ट को थिएटर रिलीज दिलवाना चाहते थे। एक्टर मानते हैं कि ओटीटी पर फिल्म रिलीज करने से कलाकार का कम कॉन्फिडेंस झलकता है। इस बारे में एक न्यूज पोर्टल को बताया गया है- हमे सच ही बोलना चाहिए। आप खुद सोचिए, जब कोई कॉन्फिडेंट नहीं होता, तभी वो ओटीटी का रुख करेगा। 90 प्रतिशत फिल्में जो ओटीटी पर रिलीज हुई, वो बेकार थीं। हम नहीं कहते कि हमारी फिल्म बहुत शानदार होगी। लेकिन मैं कम से कम महामारी को असफलता का बहाना तो नहीं बनाउंगा।

### अर्जुन कपूरजल्द शुरू करेंगे एक विलेन 2 की शूटिंग


बॉलीवुड एक ऐसी जगह है जहा अगर एक थीम पर फिल्म हिट हो जाती है तो हर कोई उस थीम पर फिल्म बनाना शुरू कर देता है। लेकिन अब लोग बॉलीवुड के इस फॉर्मूले से परेशान नज़र आ रहे है। यही वजह है की बॉलीवुड फिल्मो को लेकर लोगो का पागलपन अब खत्म सा होने लगा है। सिद्धार्थ मल्होत्रा की सुपरहिट फिल्म एक विलेन के पार्ट 2 को लेकर काफी चर्चा हो रही है। हाल ही में इस फिल्म की कास्ट को लेकर घोषणा हुई थी। इस फिल्म में अर्जुन कपूर , जॉन अब्राहम, दिशापटानी, तारा सुतरिया मुख्य भूमिका में नज़र आने वाले है। वही सभी की हैरानी इस चीज़ को देखकर है की लगातार फ्लॉप फिल्मो के बाद भी अर्जुन कपूर को बड़े प्रोजेक्टस के लिए अप्रोच किया जा रहा है। वही इस फिल्म की शूटिंग की बात की जाए तो 1 मार्च से जॉन और दिशा ने इस फिल्म की शूटिंग शुरू कर दी थी। वही अब अर्जुन भी इस फिल्म की शूटिंग शुरू करने वाले है। खबरों की माने तो अर्जुन इस फिल्म की शूटिंग अप्रैल की शुरुआत में करने वाले है। अर्जुन ने शूटिंग शुरू करने को लेकर खुलासा किया। हाल ही में अर्जुन कपूर की फिल्म भूत पुलिस की शूटिंग ख़त्म की है और जल्द ही इस फिल्म को रिलीज किया जाएगा।



## थ्रिलर और सस्पेंस से भरपूर है अमिताभ और इमरान की फिल्म चेहरे का ट्रेलर



बॉलीवुड के मशहूर अभिनेता अमिताभ बच्चन और इमरान हाशमी पिछले काफी समय से अपनी फिल्म चेहरे को लेकर सुर्खियों में बने हुए है। उनकी फिल्म के अब तक कई पोस्टर और टीजर रिलीज किया जा चुका है। जिसकी वजह से दर्शकों का फिल्म के लिए उत्साह लगातार बना हुआ है। अब मेकर्स ने फिल्म का ट्रेलर रिलीज कर दिया गया है। कुछ समय पहले ही फिल्म का ट्रेलर रिलीज किया गया है। अगर हम बात करें फिल्म के ट्रेलर की तो इसकी शुरुआत होती है अमिताभ बच्चन की वॉइस ओवर के साथ। जिसमे वो कहते है कि, अगर किसी ने कोई अपराध किया है तो वो बहुत संभलकर यहां से गुजरिएगा क्योंकि ये खेल आपके साथ भी खेला जा सकता है। इसके बाद एक कार का एक्सीडेंट हो जाता है जो बर्फीले रास्ते से होकर गुजरती है। कार का एक्सीडेंट हो जाता है। हिल स्टेशन पर एक पुराना कॉटेज दिखाई देता है। जिसमें अमिताभ बच्चन इमरान हाशमी की मुलाकात होती है। इसके अलावा यहां पर और भी बाकी लोग होते है जिनकी मंडली लगती है। फिल्म में अमिताभ बच्चन एक क्रिमिनल लॉयर के रूप में नजर आते हैं जो खुद अपना परिचय देते हैं। वहीं इमरान हाशमी ऐड एजेंसी के चीफ होते है। फिल्म में अमिताभ बच्चन और इमरान हामशी के अलावा रघुवीर यादव, अन्नू कपूर, सिद्धात कपूर और क्रिस्टल डिसूजा नजर आने वाले है। फिल्म का ट्रेलर रिलीज होते ही चर्चा में आ गया है जिसको दर्शक भी काफी ज्यादा पसंद कर रहे है। फिल्म के ट्रेलर से एक बात और साबित हो गई है कि इसमें रिया चक्रवर्ती का भी अहम रोल है। फिल्म में उनका एक अहम रोल भी नजर आने वाला हैं लेकिन उनके सीन को फिल्म के ट्रेलर में कम शामिल किया गया है। फिल्म की कहानी एक स्पेंस और थ्रिलर से भरपूर है। फिल्म इसी साल 9 अप्रैल को सिनेमा हॉल में रिलीज होने



## सेल्फी खींचने का शौक आपको डाल सकता है बड़े खतरे में!



अगर आपके घर में भी किसी को ज़रूरत से ज्यादा सेल्फी लेने का शौक है तो आपको सावधान हो जाना चाहिए, क्योंकि हो सकता है। अब आपको सावधान होने की जरूरत है, क्योंकि आपका सेल्फी खींचने का शौक आपको बड़े खतरे में डाल सकता है.....

■ डॉक्टर्स के मुताबिक, सेल्फी का असर स्किन पर इतना ज्यादा पड़ता है कि जिस साइड से आप अक्सर सेल्फी खींचती है, उस साइड की स्किन दूसरी साइड की स्किन से ज्यादा ड्राई हो जाती है। हाल ही में आए एक सर्वे के मुताबिक, मोबाइल फोन से पड़ने वाली लाइट और रेडिएशन स्किन को धूप की किरणों से 3 गुना ज्यादा नुकसान पहुंचाती है।

■ सेल्फी लेने की यह आदत अगर लत में बदल जाए, तो आप सेल्फाइटिस बीमारी की चपेट में आ सकती हैं। इस बीमारी से पीड़ित महिला के दिमाग में हमेशा यह भूत सवार रहता है कि किस जगह सेल्फी लें और कितनी जल्दी उसे सोशल मीडिया पर डालें। धीरे-धीरे यह बीमारी इतनी बढ़ जाती है कि यह लत बन जाती है।

■ ८डॉक्टर्स के मुताबिक, लगातार अपनी फोटो लेते रहने की लत 'सेल्फी एल्बो' की वजह बन सकती है। यह एक नई तरह की बीमारी है, जिसमें कुहनी का दर्द सताने लगता है।

■ स्किन स्पेशलिस्ट के मुताबिक, चेहरे पर लगातार स्मार्टफोन की लाइट और इलेक्ट्रोमैग्नेटिक रेडिएशन से स्किन बूढ़ी होने लगती है जिससे जल्दी रिंकल्स पड़ने लगते हैं। मोबाइल फोन की तरंगें सीधे डीएनए को नुकसान पहुंचाती है, जिससे स्किन की नैचरल रिपेयर क्षमता दिन प्रतिदिन कम होती जाती है। जिससे आपकी स्किन पर कोई पिंपल्स या दाग धब्बे हो जाएं।

### क्या आप भी दांत साफ करने से पहले टूथब्रश पानी से भिगोते हैं?

टूथब्रश हमारे डेली रूटीन का सबसे अहम हिस्सा है। शोधकर्ताओं का कहना है कि ढंग से इसकी सफाई न की जाए तो टूथब्रश घर की तीसरी सबसे गंदी जगह बन जाता है। गंदे टूथब्रश से डायरिया या स्किन इंफेक्शन तक हो सकता है। ऐसे में दांतों को सेहतमंद रखने में अहम भूमिका निभाने वाले टूथब्रश को भी सेहतमंद रखना जरूरी है। ज्यादातर लोग दांत साफ करने से पहले टूथब्रश पानी से भिगो देते हैं। जब हम ब्रश करने से पहले टूथब्रश को गीला करते हैं तो टूथब्रश के तार पतले हो जाते हैं। इससे दांतों को ब्रश करने की उनकी क्षमता कम हो जाती है।



## युवा पीढ़ी में बदलाव

पिछले दो दशक से युवा पीढ़ी में बदलाव को लेकर भारत में लगातार संवाद हो रहा है। कई लोग इस पीढ़ी को पुरानी पीढ़ी से समझदार बताते, तो कई उच्छृंखल कहते हैं। देश के तमाम राष्ट्रीय और क्षेत्रीय राजनीतिक दल इन पर दांव खेलते हैं, तो सभी राष्ट्रीय-बहुराष्ट्रीय व्यावसायिक, औद्योगिक, व्यापारिक घराने इसी पीढ़ी को केंद्र में रख कर अपना भविष्य चमकाने की योजनाएं बना रहे हैं। बैंगन का भर्ता, चोखा, चूरमा, मोमोज बनाने वाले, ठेले वाले से लेकर आलू की चिप्स बनाने वाली कंपनियों तक, गूगल, धर्म-अध्यात्म का व्यवसाय करने वालों तक का ध्येय युवाओं को लुभाना है। एक अध्ययन के मुताबिक, पिछले तीन-चार वर्षों में भारत के युवाओं में सहभाजन अर्थशास्त्र (शेयरिंग इकॉनोमी) का प्रचलन तेजी से बढ़ा है। युवक ÷ब्ला-ब्ला÷ जैसे स्रोतों से गाड़ियां शेयर कर रहे हैं। यह अलग बात है कि अधिकांश लड़के-लड़कियां कार यात्रा शेयर करना पसंद करते हैं। ÷ब्ला-ब्ला÷ से एक व्यक्ति ने अपनी भतीजी के जरिए शेयरिंग गाड़ी बुक की, जब कार के मालिक को पता चला कि बुक करने वाली लड़की नहीं, उसके चाचा उसमें जा रहे हैं, तो वे सज्जन अपनी गाड़ी लेकर अकेले जयपुर चले गए। वैसे यह पीढ़ी, जो रिश्तों को लेकर आवश्यकता से अधिक खुली है, इस मामले में भविष्य को भी खतरे में डाल रही है। बाजार का एक ही देवता है, वह है लाभ और केवल लाभ। आज व्यापारी किसी भी तरीके से धन कमाना चाहता है। इसलिए बाजार के खिलाड़ी समाज की परंपराएं और परिभाषाएं भी बदल रहे हैं। यही कारण है कि पहले फर्जी सर्वेक्षण होते हैं। फिर खरीदे हुए अर्थशास्त्रियों से अपने मनमाफिक परिभाषाओं पर बयान दिलवाए जाते हैं। फिर कई शिक्षकों, कॉलेजों को कमीशन देकर ऐसी किताबें पढ़वाई जाती हैं, जिनमें युवाओं को यह तक बताया जाता है कि बचत बुरी चीज है। 50 वर्ष से आदिम दुनिया तक के लोग बचत करते रहे हैं। चाणक्य ने आपात स्थिति के लिए बचत को गृहस्थी का मूल मंत्र बताया है। इन 50 सालों में ÷बचत÷ कैसे अप्रासंगिक हो गई। दूसरे, बचत के सिद्धांत से बाजार में कभी मंदी नहीं आती। व्यक्ति धन को बैंक में जमा करता है। जब पूंजी इकट्ठी हो जाती है, तो वह गहने, बच्चों की उच्च शिक्षा, मकान, विवाह पर खर्च करता है। कुछ खास अवसरों पर ज्यादा धन खर्च करता है। अंततः वह धन बाजार में ही पहुंचता है। बचत का धन बैंकों में जमा रहता है। बैंक में धन बेकार नहीं रहता है। बैंक उस धन को प्रतिदिन के हिसाब से स्वरोजगारियों, व्यापारियों और उद्यमियों को कर्ज देने में उपयोग करते हैं। इससे व्यवसाय बढ़ता है। बचत का धन बाजार में कभी भी मंदी के लिए उत्तरदायी नहीं रहता। धन बैंक के माध्यम से बाजार में मौद्रिक तरलता जारी रखता है। बाजार, कई अर्थशास्त्रियों, शिक्षाविदों और कॉलेजों का गठजोड़ युवाओं में विलासिता का भाव जगा कर सब कुछ खर्च डालने को बाजार में उतारने के लिए बहुत ही महीन स्तर पर कार्य कर रहे हैं। वर्ष 2017 में हुए एक अध्ययन में कहा गया था कि भारत की वर्तमान पीढ़ी अपने पिताओं से अधिक सुखी व प्रसन्न रहेगी। आश्चर्य! शराब, सिगरेट, पिज्जा, बर्गर खाने वाली, पानी की भांति शीतल पेय डकार जाने वाली, दिन-रात स्मार्ट फोन पर उलझी रहने वाली, छोटी-छोटी बातों के लिए देश को कोसने, विदेश जाने की धमकी देने वाली पीढ़ी, जिसके सामने माता-पिता ने बागी होने के डर से समर्पण कर दिया है, कैसे खुश रहेगी?

# विश्व सामाजिक न्याय दिवस

**डॉक्टर अरविन्द प्रेमचंद जैन**

दुनिया में लोगों के बीच कई तरह के भेदभाव पैदा हो रहे हैं, जो कि लोगों के बीच एक दूरी का कारण बन गया हैं. इन भेदभाव के कारण कई लोगों को कई तरह की समस्याओं का सामना करना पड़ता है. वहीं दुनिया में इस तरह की बुराइयों को खत्म करने के लिए हर साल 'विश्व सामाजिक न्याय दिवस' मनाया जाता है. इस दिवस को कई उद्देश्यों को प्राप्त करने के मकसद के लिए बनाया गया है. इस दिवस के दिन कई तरह के कार्यक्रमों का आयोजन करके लोगों को जागरूक किया जाता है. ये दिवस मुख्य तौर से नस्ल, वर्ग, लिंग, धर्म, संस्कृति, भेदभाव, बेरोजगारी से जुड़ी हुई कई समस्याओं को हल करने के उद्द्श्ये से हर साल मनाया जाता

दुनिया से बुराइयों को ख़त्म करने के लिए विश्व सामाजिक न्याय दिवस की शुरुआत की गई है. इसकी शुरुआत कब हुई और कब ये दिन मनाया जाता है. इसकी पूरी जानकारी आपको हम यहां दे रहे हैं.

हर साल 20 फरवरी के दिन ये दिवस पूरी दुनिया में मनाया जाता है. संयुक्त राष्ट्र द्वारा साल 2007 में इस दिन को मनाने की घोषणा की गई थी.

साल 1995 में कोपेनहेगन, डेनमार्क में सोशल डेवलपमेंट के लिए विश्व शिखर सम्मेलन आयोजित किया गया था. इस शिखर सम्मेलन में 100 से अधिक राजनीतिक नेताओं ने गरीबी, पूर्ण रोजगार के साथ-साथ लोगों के जीवन स्तर को बेहतर बनाने का लक्ष्य रखा था. इसके अलावा समाज के लिए कार्य करने के लक्ष्य को हासिल करने का उद्देश्य भी इस आयोजन में रखा गया था. जिसके बाद साल 26 नवंबर, 2007 को संयुक्त राष्ट्र महासभा ने कोपेनहेगन में हुए इस शिखर सम्मेलन के लक्ष्यों को पूरा करने के लिए 20 फरवरी को विश्व सामाजिक न्याय दिवस के रूप में नामित किया था. वहीं साल 2009 में सबसे पहले इस दिन को पूरे विश्व में मनाया गया था.

विश्व सामाजिक न्याय दिवस के उद्देश्यों को पूरा करने के मकसद से संयुक्त राष्ट्र और अंतर्राष्ट्रीय श्रम कार्यालय एक साथ मिलकर कार्य कर रहे हैं. संयुक्त राष्ट्र और अंतर्राष्ट्रीय श्रम कार्यालय द्वारा लोगों के बीच इस दिन के महत्व को फैलाने के लिए कई कार्य किए जा रहे हैं. वहीं हर साल दुनिया के लगभग हर देश में विश्व सामाजिक न्याय दिवस को मनाया जाता है और इसके प्रति अपने देश के लोगों के बीच जागरूकता पैदा करने का कार्य किया जाता है.

हर साल विश्व सामाजिक न्याय दिवस के लिए एक विषय का चयन किया जाता है. इस विषय के माध्यम से लोगों को जागरूक बनाने की कोशिश की जाती है. इस साल यानि सन 2022 में विश्व सामाजिक न्याय दिवस का विषय 'अचीविंग सोशल जस्टिस थ्रू फॉर्मल एम्प्लॉयमेंट' है जिसका मतलब है औपचारिक रोजगार के माध्यम से सामाजिक न्याय प्राप्त करना.

साल 2018 के लिए संयुक्त राष्ट्र द्वारा विश्व सामाजिक न्याय दिवस के लिए जो विषय चुना गया है, वो है 'वर्कर ऑन द मूव: द क्वेस्ट फॉर सोशल जस्टिस'. इस विषय के जरिए दूसरे देशों से अन्य देशों में कार्य करने आए लोगों के साथ सामाजिक न्याय करने की पहल



संयुक्त राष्ट्र द्वारा की गई है. अंतर्राष्ट्रीय श्रम कार्यालय के अनुसार इस वक्त करीब 25 करोड़ लोग दूसरे देशों में जाकर बसे हुए हैं, जिनमें से लगभग 15 करोड़ प्रवासी लोग कार्य कर रहे हैं. दूसरे देश में कार्य कर रहे इन 15 करोड़ लोगों के ऊपर ही इस साल का विश्व सामाजिक न्याय का विषय रखा गया है.

भारत सरकार ने कई ऐसे आयोगों का गठन किया है जो कि सामाजिक न्याय के हितों के लिए कार्य करते हैं. भारत के सामाजिक न्याय और अधिकारिता मंत्रालय द्वारा कई योजनाओं की मदद से भी लोगों की सहायता की जाती है. वहीं राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग से लकेर राष्ट्रीय महिला एवं बाल विकास आयोग जैसे सराकरी संगठन दिन रात हमारे समाज से भेदभाव,बेरोजगारी और बच्चों की सुरक्षा के लिए कार्य कर रहे हैं. वहीं 20 फरवरी के दिन इन संगठनों द्वारा कई कार्यक्रमों का आयोजन भी किया जाता है. इसके अलावा स्कूल में भी इस दिन को लेकर कई तरह की प्रतियोगिता बच्चों के बीच रखी जाती है. जैसी की निंबध लिखना, इस दिन को चित्र के जरिए समझाना और इत्यादि.

भारत के सविधान को बनाते समय देश में सामाजिक न्याय का खासा ध्यान रखा गया था. वहीं इस वक्त हमारे देश के सविधान में कई ऐसा प्रावधान मौजूद हैं, जो कि सामाजिक न्याय को सुनिश्चित करने के लिए बनाए गए हैं. वहीं सुंयक्त राष्ट्र के साथ कदम से कदम मिलाकर भारत सरकार सामाजिक न्याय के लिए कई कार्य कर रही है. भारत देश में कई तरह की जाति के लोग मौजूद हैं, इसके अलावा हमारे देश में कई ऐसी प्रथाएं हैं जो की सामाजिक न्याय के लिए खतरा हैं और इन्हीं चीजों से लड़ने के लिए भारत ने कई महत्वपूर्ण कार्य भी किए हैं.

भारत सरकार द्वारा हमारे देश से गरीबी, बेरोजगारी, लोगों के बीच असमानता जैसी चीजों को खत्म करने की काफी जरूरत है. वहीं हमारी सरकार द्वारा इन चीजों को खत्म करने के लिए कई कोशिशें की जा रही हैं. लेकिन अभी भी हमारे देश में इन समस्याओं से पूरी तरह से निपटा नहीं गया है. वहीं इस दिवस के मकसद से भारत सरकार लोगों को शिक्षा का महत्व, भेदभाव नहीं करने जैसी चीजों के बारे में जागरूक करने में लगी हुई है और उम्मीद है कि आनेवाले सालों में भारत सरकार अपने इन लक्ष्यों में कामयाब हो जाएगी.

जिस तरह से पूरे विश्व में 20 फरवरी को सामाजिक न्याय मनाया जाता है. ठीक उसी तरह भारत सरकार 25 सिंतबर को भी ये दिवस मनाती है. हर साल इस दिन हमारे देश में राष्ट्रीय सामाजिक न्याय दिवस मनाया जाता है. जिसके उद्देश्य विश्व सामाजिक न्याय से मिलते जुलते ही हैं.

## इसलिए सबसे छोटा है कलियुग

शास्त्रों में सृष्टि के आरंभ से प्रलय काल तक की अवधि को चार युगों में बांटा गया है। वर्तमान में हम जिस युग में जी रहे हैं उसे कलयुग कहा गया है। इससे पहले तीन युग बीत चुके हैं सतयुग, त्रेता और द्वापर। भगवान श्री राम का जन्म त्रेतायुग में हुआ था और द्वापर में भगवान श्री कृष्ण का। कलियुग के अंत में भगवान कलकि अवतार लेंगे और संसार में फैले पाप और अन्याय के साम्राज्य का अंत करके पुन? धर्म की स्थापना करेंगे। भगवान ने चारों युगों में सबसे कम उम्र कलियुग को प्रदान किया है। शास्त्रों में सतयुग की अवधि 17 लाख 28 हजार वर्ष बतायी गयी है और त्रेता की अवधि 12 लाख 28 हजार। द्वापर युग की अवधि 8 लाख 64 हजार है जो त्रेता से लगभग 4 लाख वर्ष कम है। कलियुग की अवधि द्वापर से ठीक आधी, यानी 4 लाख 32 हजार है। सतयुग से कलयुग तक सभी युगों की अवधि छोटी होती गयी है। इसका कारण यह है कि, भगवान बताना चाहते हैं, जो जितना पापी होगा उसकी उम्र उतनी कम होगी। भविष्य पुराण सहित कई शास्त्रों एवं पुराणों में बताया गया है कि कलियुग में पाप की पराकाष्ठा होगी। मनुष्य का व्यवहार सृष्टि के नियम के विरूद्ध होता जाएगा। हिंसा में मनुष्य पशुओं को भी पीछे छोड़ देगा। पशु तो सिर्फ अपनी भूख मिटाने के लिए दूसरे पशु को मारते हैं मनुष्य अकारण ही दूसरे मनुष्य को मारेगा। सच्चे संत भिखारी कहलाएंगे और अपमानित होंगे। कथावाचक और झूठे संत ऊंचे आसन पर विराजमान होंगे। तुलसीदास जी ने भी कलियुग के इस रूप का वर्णन किया है। त्रेतायुग में रावण ने सीता का हरण किया लेकिन उनकी मर्जी के बिना उन्हें अपनाना पाप समझा। इस युग में छोटा भाई बड़े भाई के प्रति आज्ञाकारी था।

## रंगमंच की दुनिया के बादशाह थे सुरेंद्र कौशिक!

**श्रीगोपाल नारसन एडवोकेट**

रंगमंच के महान कलाकार एवं नाट्य निर्देशक सुरेंद्र कौशिक ने इब्राहिम अलकाजी की प्रेरणा से सन 1964 में मेरठ में मुक?ताकाश नाट्य संस?थान और थियेटर की स?थापना की थी। इस संस?थान से नाट्य प्रशिक्षण का दो वर्षीय नाट्य डिप्?लोमा दिया जाता था। 15 अगस?त सन 1938 में जन्?मे रंगकर्मी सुरेंद्र कौशिक ने मेरठ में ओपन थियेटर को स?थापित किया था। एमए तक की पढ़ाई करने के बाद उन्?होंने राष?ट्रीय नाट्य विद्यालय दिल्?ली से नाट्य विधा में डिप्?लोमा किया। उनके साथ कई फिल्?म कलाकार भी छात्र रहे। मुक?ताकाश के कलाकार घूम घूम कर नाट्य का मंचन करते थे। मेरठ के कलाकारों के साथ मिलकर सुरेंद्र कौशिक ने एक प्रेक्षागृह भी बनवाया था। थियेटर को आगे बढ़ाने के लिए कई अन्?य आडिटोरियम का भी निर्माण कराया था।सुरेंद्र कौशिक मेरठ के अलावा देश के अलग-अलग हिस्?सों में जाकर नाटक का मंचन करते थे। पंच परमेश्?वर के नाट्य रुपांतर से उन्होंने रिकार्ड बनाया। हर रविवार को मुक?ताकाश प्रेक्षागृह में नाटक का मंचन होता था। अलग अलग जगह पर उन्?होंने 68 नाटक और 44 से अधिक एकांकी नाटकों का निर्देशन और प्रदर्शन किया। एक हजार से अधिक नुक?कड़ नाटकों का प्रदर्शन भी किया था। वह एक बार फिर मेरठ में पंच परमेश?वर का मंचन करना चाहते थे, लेकिन महाप्रयाण के कारण उनकी यह हसरत अधूरी ही रह गई। बीती नौ फरवरी को उन्?होंने अपनी शादी की 51 वीं सालगिरह भी मनाई थी। वह अपने पीछे पुत्र आकाशदीप कौशिक, बेटी मुक?ता और पत?नी इंदू कौशिक को छोड़ गए हैं। रंगकर्मी सुरेंद्र कौशिक की इच?छा के अनुसार उनके निधन के बाद उनकी दोनों आंखें दान कर



दी गई। मेरठ के सूरजकुंड में उनका अंतिम संस?कार किया गया।वे बताते थे कि रूढ़िवादी सोच के कारण नाटक व अभिनय को तब लोग अच्छा नहीं मानते थे। अक्सर मंचन के दौरान लोग पत्थर भी फेंकते थे लेकिन वह डिगे नहीं। जुम्मन मियां के किरदार में उन्हें घर-घर पहचान दिलाई। सामाजिक जागरूकता के लिए उन्होंने 26 हजार नाटक का मंचन किया।रंगकर्मियों ने सुरेंद्र कौशिक के सूरजकुंड पहुंचकर उनके अंतिम दर्शन किए। भारत भूषण शर्मा, विनोद कुमार बेचैन, अनिल शर्मा, हेमंत गोयल, जितेंद्र सी. राज, ओडी राजपूत, शोएब पठान समेत अनेक गणमान्य लोगों ने उन्हें श्रद्धांजलि दी। मुंबई से अभिनेता मुकुल नाग, गिरीश थापर, दिनेश अहलावत, सुरेंद्र सागर, नीरज शर्मा, प्रोफेसर असलम जमशेदपुरी, प्रोफ़ेसर नवीन चंद्र लोहानी ने सोशल मीडिया के जरिए उन्हें नमन किया।सामाजिक कुरीतियों पर नाटकों के माध्यम से चाबुक चलाने के उद्देश्य से शुरू हुई इस नाट्य संस्था ने मेरठ के युवा कलाकारों की कला को एक मुक्त गगन दिया। जहां रंगकर्म में रुचि रखने वाले युवाओं को अभिनय की बारीकियां सीखने का अवसर मिला। साथ ही युवा रंगकर्मियों की प्रतिभा का नया मंच मिला। तब से संस्था लगातार मेरठ में सजीव रंगकर्म की ज्योति जलाए रहे। मुक्ताकाश नाट्य संस्था अब तक हजारों नाटको का मंचन कर चुकी है। सुरेंद्र कौशिक को सन 1988 में उत्तर प्रदेश के राज्यपाल द्वारा संगीत नाटक अकादमी पुरस्कार भी मिल चुका है। साथ ही किशोर कुमार कला सम्मान, रत्न अवार्ड, चतुरंग अवार्ड, फिदा हुसैन नरसी अवार्ड, अप्टा द्वारा नाट्य शिरोमणि लाइफ टाइम सम्मान 2012, संस्कार गौरव सम्मान, इप्टा द्वारा भीष्म साहनी सम्मान 2015 से सम्मानित हो चुके हैं। बिरजू महाराज के हाथों उन्हें मेरठ गौरव सम्मान भी मिल चुका है।उनके नाट्य संस्थान का मुख्य उद्देश्य सामाजिक कुरीतियों को नाट्य कला, साहित्य व तकनीक के माध्यम से समाज के सामने लाना था। हर रविवार संस्था द्वारा नाटकों का मंचन होता था।

उनके द्वारा जिन नाटकों का मंचन हुआ,उनमे शहंशाह इडिपस, पंच परमेश्वर, कांचन रंग, मृच्छकीटकम, कंजूस, रजनी गंधा, ताजमहल का टेंडर, चरनदास चोर, बिच्छू, दीवार में एक खिड़की रहती थी, आषाढ़ का एक दिन, जलछवि, त्रिशंकु, आजादी की मशाल, हिंदुस्तान हमारा सहित सैकड़ों नाटकों शामिल है। पंच परमेश्वर नाटक का सबसे ज्यादा मंचन संस्था द्वारा किया गया है।

# यादों की शीतलहर

### सूडोकु नवताल- 5988

★☆☆☆☆ सरल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 2 | | 8 | 5 | 1 | 9 | 6 | | 7 |
| | | | | | 8 | | | 1 |
| | | 7 | 4 | 6 | | 8 | | 9 |
| 3 | 2 | | | | 7 | | | 8 |
| 1 | | 9 | | 4 | | 7 | | 5 |
| 4 | | | 2 | | | | 9 | 3 |
| 6 | | 3 | | 5 | 1 | 9 | | |
| 8 | | | 3 | | | | | |
| 7 | | 1 | 9 | 2 | 6 | 3 | | 4 |

Jagrutidaur.com, Bangalore

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते .
- पहेली का केवल एक ही हल है.

### सूडोकु नवताल -5987 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 7 | 1 | 9 | 8 | 5 | 3 | 2 | 6 | 4 |
| 4 | 5 | 3 | 6 | 2 | 9 | 7 | 1 | 8 |
| 6 | 2 | 8 | 4 | 7 | 1 | 9 | 5 | 3 |
| 9 | 8 | 2 | 7 | 3 | 5 | 1 | 4 | 6 |
| 1 | 3 | 6 | 9 | 4 | 8 | 5 | 7 | 2 |
| 5 | 7 | 4 | 1 | 6 | 2 | 8 | 3 | 9 |
| 8 | 4 | 7 | 5 | 9 | 6 | 3 | 2 | 1 |
| 3 | 6 | 1 | 2 | 8 | 7 | 4 | 9 | 5 |
| 2 | 9 | 5 | 3 | 1 | 4 | 6 | 8 | 7 |

**डॉ. रीना रवि मालपानी**

रामजानकी यूंही बैठे-बैठे यादों की शीतलहर में गुम हो गई। सोच रही थी की कितना बदलाव आ गया नए और पुराने परिवेश के बीच में। पुराने परिवेश में जीवन में थोड़ा ठहराव था, सुकून के पल शामिल थे, अपनत्व वाला एहसास था, कुछ समय की खट्टी-मीठी यादें थी सँजोने के लिए। अब तो जीवन उत्तरोत्तर उन्नति और जरूरत के अनुरूप कार्य को ही अग्रसर है। रामजानकी के स्मृतिपटल पर नानाजी की यादें जीवंत हो रही थी। नानाजी की नियमित आदत थी भोजन के पश्चात कुछ समय वज्रासन में बैठना, दूरदर्शन पर प्रसारित रात की न्यूज़ सुनना, हमको रोजाना मंदिर लेकर जाना, किसी भी त्यौहार और आयोजन में अच्छे से अच्छे मिष्ठान और भोजन सामाग्री बनवाना एवं कुछ अच्छी और मीठी यादों को जीवन में जोड़ना। हर सीजन के अनुरूप भुट्टा, मूँगफली, ककड़ी, आम के स्वाद को मुँह में स्थायी करना।

पुराने समय में तो लड़के की अत्यधिक चाह हुआ करती थी ताकि वंश वृद्धि हो सकें, पर जब मम्मी को दो लड़कियाँ हुई यानि मैं और दीदी तब भी नानाजी ने खुले दिल और पूरे स्नेह से हमारा स्वागत किया। मम्मी को हर समय समझाते थे की मैं और दीदी तो उनकी ज़िम्मेदारी है, इसलिए किसी भी प्रकार की चिंता की जरूरत नहीं है।



पापा को भी पूरा सहयोग करना, उन्हें बेटे की तरह अपनापन देना। उस समय भी नानाजी की सोच इतनी विशाल थी की वह मम्मी को बेटे से भी बढ़कर मान देते थे। मम्मी उनका साहस थी और मम्मी भी सदैव उनके लिए बेटा साबित हुई। जब छोटी बहन यानि मासी का फ्रेक्चर हुआ तो मम्मी ने बेटे की तरह देखरेख की और नानाजी ने पूर्ण विश्वास दिखाया। नानाजी धोती-कुर्ता पहनते थे इसलिए मैं और दीदी सदैव गाना गया करते थे-÷नानाजी-नानाजी भोले भाले नानाजी, धोती-कुर्ता पहनते नानाजी÷।

नानाजी की सबसे बड़ी विशेषता थी की वे सदैव समय के अनुरूप कर्मठ रहते थे। उन्होने ज्यादा शिक्षा प्राप्त नहीं की परंतु उनकी गणित की गणना त्वरित थी। खेती के समय कड़ी मेहनत करना, दिन-रात को समान समझकर अपने कार्य को पूरा करना। उन्होने अपनी मेहनत के बल पर समाज में अपनी प्रतिष्ठा बनाई। हम लोगों को भी हर त्यौहार पर नए-नए कपड़े दिलाते। आसपास में सभी का सहयोग करना, सबको खूब हंसाना, गर्मी के दिनों में रात को छत पर पूरे परिवार का इकट्ठा होकर खाना खाना, कुछ समय अंताक्षरी खेलना, हम लोगों को छोटे-छोटे खेल खिलना जैसे-ताश, सापसीढ़ी, सितोलिया इत्यादि। नानाजी के साथ हम शाम को बैठकर भजन भी गाया करते थे। रामजानकी मन ही मन महसूस कर रही थी की कितना सुखद बचपन था नानाजी के सानिध्य में। इस लघुकथा से यह शिक्षा मिलती है की आज की जिंदगी कितनी खोखली हो चुकी है। मोबाइल, टीवी, कम्प्युटर इन्हीं सब पर खुशियाँ केन्द्रित है। हम लोगों के पास अपने बच्चों को देने के लिए कुछ भी सुनहरी यादें शेष नहीं है। हमारे जीवन से सुकून के पल गायब है। काश हम लोग भी अपनी आने वाली पीढ़ी के लिए कुछ अच्छी यादें छोड़ सकें। जीवन में सबकुछ होने पर भी रिक्तता है। त्यौहार में हर किसी को व्हात्सप्प पर विश करते है पर वो अपनत्व वाली यादें नहीं है। ईश्वर करें हर किसी के पास रामजानकी जैसी यादों की शीतलहर हो जो जीवन को नई ऊर्जा, ताजगी और मन को प्रफुल्लित कर दें और जीवन में किसी बाहरी प्रेरणा की जरूरत न पड़ें।

## भारत के लिए खुले नए रास्ते

**डॉ. वेदप्रताप वैदिक**

भारत और संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) के बीच जो व्यापारिक समझौता अभी-अभी हुआ है, वह इतना महत्वपूर्ण है कि कुछ ही वर्षों में हमारे इन दोनों देशों का व्यापार न सिर्फ दुगुना हो जाएगा बल्कि मैं यह कह दूं तो आश्चर्य नहीं होगा कि भारत का व्यापार और परस्पर विनिवेश शायद दुनिया में सबसे ज्यादा यूएई के साथ भी हो सकता है। इस समय दोनों का आपसी व्यापार 50 बिलियन डॉलर के आस-पास है। इसे 100 बिलियन डॉलर होने में पांच साल भी नहीं लगेंगे, क्योंकि यूएई अपने आप में छोटा देश है लेकिन यह सारे अरब देशों और सारे अफ्रीकी महाद्वीप का मुहाना है। इसके जरिए आप इन दोनों क्षेत्रों में आसानी से पहुंच सकते हैं। दूसरे शब्दों में अबू धाबी से व्यापार करने का अर्थ है, दर्जनों देशों से लगभग सीधे जुड़ना। भारत का ज्यादातर माल जो कराची और लाहौर के बाजारों में बिकता है, वह कहां से आता है? वह दुबई से ही निर्यात होता है। यूएई में भारत के लगभग 40 लाख लोग रहते हैं। एक करोड़ की जनसंख्या में 40 लाख भारतीय, 15 लाख पाकिस्तानी और शेष पड़ौसी राष्ट्रों के लाखों नागरिकों को दुबई-अबू धाबी में देखकर यह लगता ही नहीं है कि हम विदेश में हैं। यूएई छोटा-मोटा भारत ही लगता है। ऐसा भारत जो संपन्न है, सुशिक्षित है और जिसमें सांप्रदायिक सदभाव है। यूएई एक मुस्लिम राष्ट्र होते हुए भी भारत की तरह अत्यंत उदार और सर्वसमावेशी राष्ट्र है। इसमें रहनेवाले प्रत्येक व्यक्ति को अपने धर्म पालन की पूर्ण स्वतंत्रता है। अबू धाबी के शेख नाह्यान मुबारक भारतीयों के बीच अत्यंत लोकप्रिय हैं। वे स्वयं मुझे कई बार मंदिरों में साथ लेकर गए हैं। वे अपनी मजलिसों के प्रीति-भोज कई बार हमारी खातिर शुद्ध शाकाहारी भी रखते हैं। हमारे व्यापार मंत्री पीयूष गोयल ने वहां जाकर जो एतिहासिक व्यापारिक समझौता किया है, वह भारत के व्यापार को तो बढ़ाएगा ही, वह लगभग डेढ़ लाख नए रोजगार भी पैदा करेगा। भारत के 90 प्रतिशत निर्यात पर कोई टैक्स नहीं लगेगा। कुछ ही वर्षों में यह कर-मुक्ति शत प्रतिशत हो जाएगी। पिछले दिनों जम्मू-कश्मीर के उप-राज्यपाल मनोज सिंहा भी दुबई गए थे। उन्होंने विनियोग के लिए कश्मीर के दरवाजे खोल दिए हैं। जब यूएई के करोड़ों-अरबों रु. कश्मीर में लगने लगेंगे तो कश्मीर की हालत कहीं बेहतर हो जाएगी। यूएई और सउदी अरब, दोनों ने धारा 370 के मामले में पाकिस्तान की आवाज में आवाज नहीं मिलाई है। वे अब भारत के ज्यादा नजदीक आते जा रहे हैं।

# सब्जी मंडी में हुई आगजनी की घटना को लेकर कांग्रेस ने ज्ञापन सौंपा



**कैलारस।** सब्जी मंडी में शुक्रवार की रात को भीषण आगजनी की घटना हो गई, जिसमें सैकड़ों दुकानें जलकर राख हो गई व आग लगने से लाखों रुपए का नुकसान हो गया। ज्ञात हो कि पिछले 4 वर्षों में आगजनी की यह चौथी घटना है। इसको लेकर ब्लॉक कांग्रेस कमेटी ने मुख्यमंत्री के नाम कैलारस तहसीलदार को ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन के माध्यम से मांग करते हुए कहा कि पीडित दुकानदारों को उचित मुआवजा दिया जाए व सब्जी मंडी में पक्की दुकानों का निर्माण किया जाए व फायर ब्रिगेड गाड़ी को दुरस्त किया जाए। प्रशासन से मांग करते हुए कहा कि सब्जी मंडी में चौकीदार की व्यवस्था की जाए। इस अवसर पर विधानसभा के पूर्व प्रत्याशी कांग्रेस प्रदेश महासचिव पंकज उपाध्याय, ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष लक्ष्मी नारायण दुबे, अशोक तिवारी पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष, रमेश कुशवाह पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष, डॉ धनीराम कुशवाहा, राजाराम बंसल, ओम प्रकाश शर्मा, बृजेश करसोरिया, मुकेश शुक्ला, डॉ.शम्मा कुरेशी, डॉ.वीरेंद्र धाकड़, रामसुमेर शुक्ला, विजेंद्र गौड़ ,धर्म सिंह कुशवाह, संतोष सोलंकी, तस्लीम कुरैशी, यूसुफ राइन, अरुण सिकरवार, मोहित शुक्ला, शेरू यादव एवं सब्जी मंडी के दुकानदार उपस्थित थे।

## सब्जी मंडी अग्निकाण्ड में प्रभावितों को 5-5 लाख रुपए की आर्थिक सहायता दी जाए: माकपा



**कैलारस।** गत रात्रि को सब्जी मंडी में भीषण अग्नि दुर्घटना हुई है। जिसमें दो दर्जन से ज्यादा दुकानें जलकर खाक हो गई। मार्क्सवादी कम्युनिस्ट पार्टी के राज्य सचिव मंडल सदस्य, पूर्व नपाध्यक्ष अशोक तिवारी तथा जिला सचिव महेश प्रजापति ने इस भयावह अग्नि दुर्घटना मैं सब्जी विक्रेता दुकानदारों के प्रति गहरी संवेदना व्यक्त करते हुए एकजुटता प्रकट की है। साथ ही प्रदेश सरकार व प्रशासन से मांग की है कि प्रभावित दुकानदारों को 5-5 लाख रुपए की आर्थिक सहायता प्रदान की जाए। उन्होंने मांग की है कि पक्की सब्जी मंडी का निर्माण कराया जाए। जिससे भविष्य में होने वाली अग्नि दुर्घटनाओं को टाला जा सके। नगर परिषद के प्रशासक एवं तहसीलदार भरत कुमार के समक्ष यह मांग प्रस्तुत की गई। सब्जी मंडी में कमोवेश प्रतिवर्ष अग्नि दुर्घटना घटित होती रहती हैं। इससे सब्जी विक्रेता काफी आहत व परेशान हैं। सब्जी मंडी बार-बार विस्थापित हुई। वमुश्किल सब्जी मंडी के लिए 60 लाख प्रीमियम व 8 लाख रूपए प्रतिवर्ष भू-भाटक पर यह जगह आवंटित हुई है। अब इसमें पक्की सब्जी मंडी का निर्माण कराया जाना नितांत आवश्यक है, जिसे तत्काल कराए जाए। माकपा नेताओं ने कहा है कि



## भाभी से दुष्कर्म करने वाले देवरों ने किया कोर्ट में सरेंडर

**मुरैना।** सिविल लाइन थाना क्षेत्र के कैथौदा गांव में 2 सप्ताह पूर्व रिश्ते में लगने वाली भाभी के साथ दो देवरों ने दुष्कर्म कर डाला और फरार हो गए। पीड़ित युवती ने सिविल लाइन थाने में आरोपियों के विरुद्ध दुष्कर्म का मामला दर्ज कराया और तभी से आरोपी फरार चल रहे थे। पुलिस द्वारा उन्हें गिरफ्तार करने के लिए लगातार दबाव बनाया जा रहा था, जिसके चलते शनिवार को आरोपियों ने न्यायालय में सरेंडर कर दिया। न्यायालय से जेल भेजने के आदेश के बाद पुलिस ने आरोपियों का मेडिकल कराकर उन्हें जेल भेज दिया। बताया जाता है कि आरोपी संदीप पुत्र प्रकाश कुशवाह 19 वर्ष निवासी दाऊजी मंदिर के पास एवं सुनील पुत्र अशोक 18 वर्ष ने 15 दिन पूर्व गांव में ही अपनी भाभी को अकेला पाकर जबरन बारी-बारी से सामूहिक दुष्कर्म किया। पीड़ित युवती ने परिजनों के साथ जाकर सिविल लाइन थाने में बलात्कार की रिपोर्ट दर्ज कराई, जिस पर से पुलिस ने मामला दर्ज कर आरोपियों को पकड़ने के लिए कई बार दबिश दी एवं दबाव बनाया। इसी के चलते शनिवार की सुबह आरोपियों ने न्यायालय में सरेंडर कर दिया।

## पंजीकृत भवन एवं अन्य संनिर्माण श्रमिकों के आयुष्मान कार्ड बनवायें

**मुरैना।** भारत सरकार स्वास्थ्य मंत्राल्य द्वारा आयुष्मान भारत योजना संचाल्ति है। इस योजना के तहत समस्त खाद्य पात्रता पर्ची परिवार तथा मध्यप्रदेश भवन संनिर्माण कर्मकार कल्याण मंडल में पंजीकृत श्रमिक भी खाद्य प्रात्रता पर्ची के लिये पात्र होने के कारण आयुष्मान कार्ड हेतु पात्र है। जिले में 45 हजार 164 श्रमिक पंजीकृत है। पंजीकृत श्रमिक की निकायवार सूची समस्त जनपद पंचायतों एवं नगरीय निकायों में लॉगइन पर उपलब्ध है।

# चिरपुरा रोड पर जलभराव के चलते परेशान नागरिकों ने नगरपालिका के खिलाफ की नारेबाजी




**अम्बाह।** नगर की चिरपुरापुरा रोड पर आसपास की गलियों में जलभराव की समस्या को लेकर भारतीय जनता युवा मोर्चा के नेता राजू तोमर एवं स्थानीय नागरिकों ने मौके पर खड़े होकर नगर पालिका के सफाई विभाग के खिलाफ नारेबाजी की जिसके बाद मौके पर पहुंचे सफाई कर्मियों एवं उपयंत्री केके दीक्षित ने जलभराव की समस्या के निपटारे के लिए पाइप के जरिए अस्थाई पुलिया का निर्माण कराया, तब कहीं जाकर पानी का निकास हो सका। मौके पर मौजूद राजू तोमर का कहना था कि इलाके के आसपास लंबे समय से जलभराव की समस्या है। लोगों का घरों से निकलना भी मुश्किल हो गया है जिसकी तरफ नगरपालिका ध्यान नहीं दे रही है इसके साथ ही पुराने पंप बंद किए जा रहे हैं पंप बंद होने से लोगों को पेयजल के लिए परेशान होना पड़ रहा है। श्री तोमर ने कहा कि जिन वार्डों में नई पाइप लाइन से पानी सप्लाई किया जाना है। उन वार्डो में कैंप लगाकर जनता को कनेक्शन दिए जाएं, जिससे जनता पानी के लिए परेशान ना हो। श्री तोमर ने बताया कि लोग नगरपालिका में जब कनेक्शन लेने जाते हैं तो नगर पालिका के कर्मचारी सुनवाई नहीं करते। ऐसी स्थिति में जनता को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। मौके पर मौजूद उपयंत्री के के दीक्षित ने मौजूद भीड़ से कहा कि जल निकासी की समस्या का समाधान जल्द होगा। स्थानीय लोग नल के कनेक्शन ले लें, जिससे नई पाइपलाइन प्रारंभ हो सके और लोगों को भरपूर पानी मिल सके, जिस पर सभी लोगों ने कैंप लगने पर कनेक्शन लेने पर सहमति जताई।

# मनुष्य सुधरे तो समाज और राष्ट्र अपने आप सुधर जाएगा: आर्षमती माताजी



**अम्बाह।** जैन समाज द्वारा परेड जैन धर्मशाला में आयोजित प्रवचन श्रृंखला के दौरान श्रद्धालुओं को संबोधित करते हुए आर्षमती माताजी ने कहा कि समाज की बुनियादी इकाई मनुष्य है। मनुष्यों के जुडऩे से समाज और समाजों के जुडऩे एवं संगठित होने से राष्ट्र बनता है। यदि मनुष्य अपने को सुधार ले तो समाज और राष्ट्र अपने आप सुधर जाएंगे। इसलिए परोपकार, परमार्थ की महिमा बताई गई है। मनुष्यों के जीवन और कृत्य के परिष्कार के लिए उससे बढकर रास्ता हो नहीं सकता। उन्होंने कहा कि यदि मनुष्य का आचरण सत्य, अहिंसा, अपरिग्रह, त्याग एवं संयम आदि पर आधारित होगा तो वह अपने धंधे में किसी प्रकार की बुराई नहीं करेगा और न जीवन में विसंगतियों की घुसपैठ नहीं होने देगा। माताजी ने कहा कि जीवन की शुद्धता कर्म की शुद्धता की आधारशिला है। धर्म मनुष्य के भीतर की गंदगी को दूर करता है और जिसके भीतर निर्मलता होगी, उसके हाथ कभी दूषित कर्म नहीं करेंगे। मन को निर्मल बनाने के लिये कृतज्ञ होना जरूरी है। कृतज्ञता तब जन्म लेती है, जब हम नकारने की बजाय स्वीकार्यता या सराहना का दृष्टिकोण अपनाकर जीवन से नया रिश्ता कायम करते हैं।



# मुख्य मार्गो से हटाए जाएंगे कचरा कलेक्शन सेंटर



**अम्बाह।** स्वच्छता जागरूकता एवं साफ सफाई अभियान के चौथे रोज अस्पताल रोड ,रेतपुरा मार्ग और ब्लॉक रोड पर साफ सफाई की गई साथ ही पीपल चौराहे के पास महिला पुरुष लघु शंका के साधन कक्ष निर्माण हेतु जेसीबी द्वारा जगह साफ कराई गई। साफ सफाई के दौरान आज स्वच्छता एम्बेसडर के निवेदन पर सीएमओ रामनिवास शर्मा नगर के मुख्य मार्गो से कचरा कलेक्शन सेंटर हटाने के आदेश किए। सीएमओ रामनिवास शर्मा ने बताया कि स्वच्छता एम्बेसडर डॉ सुधीर आचार्य और उमेश जैन के साथ नगर के मुख्य मार्गो पर कचरा सेंटर्स को देखा और वहां साफ सफाई की। इसके बाद निर्णय लिया गया कि महाराणा प्रताप पार्क के पास से, मुरैना तिराहो, जग्गा चौराहा और पोरसा चौराहे के पास बने मुख्य मार्गो से कचरा सेंटर को हटाया जाएगा। इसके साथ ही रेतपुरा में पुराना थाना परिसर में एकत्रित होने वाले कचरे को फैलाव से रोकने के लिए व्यवस्थित व्यवस्था की जाएगी।

### प्रत्येक वार्ड को मिलेंगे सफाई कर्मचारी

स्वच्छता एंबेसडर समाजसेवी डॉ सुधीर आचार्य और उमेश जैन ने सीएम ओ रामनिवास शर्मा एवं सब इंजीनियर के के दीक्षित, सफाई दरोगा रामनरेश व्यवस्था प्रभारी भूरा शर्मा के साथ मिलकर प्रत्येक वार्ड को स्थाई तौर पर सफाई कर्मचारी देने की योजना बनाई है, जिनके साथ बार्ड के समाजसेवी और वरिष्ठ लोग शामिल रहेंगे।

# शालाओं में शैक्षणिक गुणवत्ता परखने डीपीसी एवं बीआरसी ने किया शालाओं का सघन निरीक्षण



**कैलारस।** जनपद शिक्षा केंद्र कैलारस के अंतर्गत कक्षा 1 से 8 तक के विद्यालयों में शैक्षिक गुणवत्ता परखने हेतु शासन के आदेशानुसार विगत दिवस डीपीसी डीके शर्मा जिला शिक्षा केंद्र मुरैना एवं बीआरसीसी दफेदार सिंह सिकरवार जनपद शिक्षा केंद्र कैलारस द्वारा विगत दिवस शालाओं का सघन निरीक्षण किया गया, जिसमें प्रयास अभ्यास पुस्तिका, एन माइनस वन, ऐट ग्रेड पुस्तिका, अभ्यास कार्य दक्षता उन्नयन वर्क पर बारीकी से कार्यों का अवलोकन किया गया तथा शिक्षकों द्वारा वर्क बुक एवं अभ्यास पुस्तक आदि किस प्रकार चेक की गई व अधिकारियों ने सूक्ष्म दृष्टि से देखा और आवश्यक दिशा निर्देश सुधार हेतु दिए। इसके अलावा जहां पर शिक्षक अनुपस्थित मिले उनका वेतन काटने हेतु अग्रिम कार्यवाही का निर्णय लिया तथा मौके पर ही कारण बताओ सूचना पत्र जारी किए गए। शासन के निर्देशानुसार अवलोकन प्रपत्र पूर्ण किया गया, यह सघन मॉनिटरिंग का कार्य सभी मॉनिटरिंग कर्ता अधिकारियों को 17, 18 एवं 19 फरवरी तक दो- दो विद्यालयों का सघन निरीक्षण करने के लिए शासन द्वारा आदेश प्राप्त हुआ था। अतः सभी निरीक्षण कर्ता अधिकारियों द्वारा यह कार्य समय सीमा में पूर्ण किया जाना है। जिन विद्यालयों में यह कार्य पूर्ण या शिक्षकों द्वारा पूर्ण नहीं किया गया है उनके विरुद्ध वेतन काटने एवं आवश्यक कार्यवाही किए जाने के निर्देश डीपीसी द्वारा बीआरसीसी को दिए गए हैं। निरीक्षण के दौरान संस्था 4:30 से 5:30 तक सभी विद्यालय खुले रहने के निर्देश भी अधिकारियों द्वारा दिए गए हैं। डीपीसीओ बीआरसी द्वारा शसकीय प्राथमिक विद्यालय चमरगवां, शासकीय माध्यमिक विद्यालय चमारगवां, शासकीय प्राथमिक एवं माध्यमिक विद्यालय अरोदा, शासकीय प्राथमिक विद्यालय माली बाजना विद्यालयों का निरीक्षण किया गया, जिसमें शासकीय प्राथमिक विद्यालय मालीबाजना, शासकीय प्राथमिक एवं माध्यमिक विद्यालय अरोदा का शैक्षणिक स्तर अच्छा पाया गया जिन विद्यालयों में कमियां पाई गई, उनको मौके पर ही कारण बताओ सूचना पत्र जारी किए गए। यह सघन निरीक्षण का कार्य फरवरी माह के अंत तक प्रदेश संभाग जिले एवं ब्लॉक के अधिकारियों द्वारा किया जावेगा।

# सकारात्मक जीवन शैली युवा कल्याण एवं फिट इंडिया कार्यक्रम का आयोजन किया गया



आज कोलारस जनपद पंचायत हॉल में नेहरू युवा केंद्र शिवपुरी मंडल कोलारस द्वारा सकारात्मक जीवन शैली युवा कल्याण एवं फिट इंडिया कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिसमें मुख्य अतिथि के रुप में कोलारस जनपद पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी ऑफिसर सिंह गुर्जर रहे विशिष्ट अतिथि के रूप में पूर्व विधायक प्रतिनिधि ओपी भार्गव एवं विशिष्ट अतिथि द्वय बलबीर निबोरिया प्रदेश कार्यसमिति के सदस्य पिछड़ा वर्ग मोर्चा भारतीय जनता पार्टी मध्य प्रदेश एवं पूर्व सांसद प्रतिनिधि रहे कार्यक्रम की अध्यक्षता राजेंद्र विजयवर्गीय लेखाकार अधिकारी शिवपुरी ने की कार्यक्रम में मुख्य मुख्य वक्ता के रूप में कोलारस जनपद पंचायत में पीसीओ के पद पर कार्यरत अभिलाख सिंह रहे कार्यक्रम का आयोजन इमरत लाल जाटव द्वारा किया गया कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य युवाओं में सकारात्मक जीवन शैली युवा सोच एवं स्वस्थ जीवन एवं शासन की योजनाओं का प्रचार प्रसार करना एवं ग्रामीण क्षेत्र तक शासन की योजनाओं को पहुंचाना मुख्य उद्देश्य है कार्यक्रम का संचालन इमरत सिंह जाटव जी द्वारा किया गया एवं कार्यक्रम में मुख्य वक्ता के रूप में अपनी बात को रखते हुए ओपी भार्गव ने नेहरू युवा केंद्र का मुख्य उद्देश्य ग्रामीण प्रतिभाओं को उभारना एवं ग्रामीण युवाओं को राष्ट्र निर्माण की गतिविधियों में शामिल करना एवं राष्ट्र निर्माण में सहयोग की भावना जागृत करना कार्यक्रम विशिष्ट अतिथि बलबीर निबोरिया ने अपनी बात को रखते हुए सकारात्मक जीवन शैली युवा कल्याण एवं फिट इंडिया पर अपने उद्बोधन मैं कहा युवा वर्ग ही एक ऐसी उम्र होती है जिस उम्र में युवा अपने जीवन को ढालना चाहता है एवं अपने जीवन में लक्ष्य प्राप्ति के लिए सकारात्मक दृष्टिकोण के साथ जीवन की चुनौतियों का सामना करना नेहरू युवा केंद्र का उद्देश्य युवाओं के माध्यम से युवाओं को राष्ट्र के कल्याण हेतु प्रेरित करना एवं अशिक्षित व अनभिज्ञ ग्रामीण क्षेत्र के लोगों को सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी देना एवं शासन की योजनाओं का लाभ पहुंचाना मुख्य उद्देश्य है कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे राजेंद्र विजयवर्गीय ने अपने उद्बोधन में नेहरू युवा केंद्र ग्रामीण क्षेत्र के युवाओं के लिए काम करता है एवं ग्रामीण क्षेत्र की प्रतिभाओं का खेलकूद एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम के माध्यम से आगे बढ़ाने का काम करता है कार्यक्रम के मुख्य अतिथि ऑफिसर सिंह गुर्जर ने अपने उद्बोधन में कहा युवा वर्ग में ही इंसान अपने चरित्र का निर्माण करता है एवं युवा पीढ़ी का जो अमूल्य समय होता है उसका विशेष ध्यान रखना चाहिए समय का ध्यान रखने वाले लोग हमेशा आगे बढ़ते हैं एवं सफलता उनके कदम चूमती है क्षेत्र की जनसमस्याओं के समाधान के लिए हमेशा मेरे द्वार खुले हैं एवं अन्य वक्ताओं ने भी अपना उद्बोधन दिया कार्यक्रम में ग्रामीण क्षेत्र से आए हुए सैकड़ों युवा साथी शामिल हुए जिनमें मुख्य रूप से इमरत सिंह राकेश दिलीप अशोक हेमंत रामबाबू चिरौंजी सुनील अरविंद विजय सिंह चिरौंजी रणजीत सिंह निखिल नरेंद्र अरविंद भरत दीपक सोनू सचिन आदि युवा साथी उपस्थित रहे



## दबोह में गहोई भवन में सावला जी की पुण्यतिथि पर हुई श्रद्धांजलि सभा

**अर्पित गुप्ता उपसम्पादक पुष्पांजली टुडे**

**दबोह-** दिनांक 18 फरवरी को गहोई वैश्य महासभा के पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष स्व श्री कैलाश नारायण सावला जी की तीसरी पुण्यतिथि थी।ज्ञात हो श्री सावला जी के प्रयासों से ही समाज की अयोध्या धर्मशाला का निर्माण एवं विकास हुआ।वृंदावन में भी उनके कार्यकाल में भवन हेतु भूमि क्रय की गई थी।समाज में उनके योगदान के कारण उनकी पुण्यतिथि देश भर में स्व कैलाश नारायण सावला समाज सेवा न्यास द्वारा कई स्थानों पर मनाई गई।इसी क्रम में भिण्ड जिले के नगर दबोह के गहोई भवन में भी उनकी पुण्यतिथि मनाते हुए तृतीय पुण्यतिथि पर एक श्रद्धांजलि का आयोजन किया गया।जिसमें बलराम सोनी, हरदास खर्द,ओमप्रकाश तरसोलिया,सीताराम सेठ,राकेश कोठारी,बसन्ते गुप्ता,मैथली रेजा,हरि ओम महातेले,वीरेंद्र बिलैया व गहोई नव युवक मण्डल में अध्यक्ष सोनू सेठ,उपाध्यक्ष शानतनु पिपरसानिया,महामंत्री रामू गुप्ता,मीडिया प्रभारी व प्रवक्ता चिराग गुप्ता,सदस्य श्यामू सेठ आदि लोग मौजूद रहे।

## नवागत एसपी आसुतोष बागरी के आते ही सुरु हुई मुरैना जिले में ताबड तोड कार्यवाइया...



### मुरैना क्राइम व अम्बाह पुलिस ने अफीम की खेती की फसल सहित एक आरोपी को मौके से किया गिरफ्तार

**केशब पडिंत जी अम्बाह...?**

**मुरैना** पुलिस अधीक्षक आसुतौष बागरी के निर्देशन में चलाए जा रहे धरपकड़ अभियान के तहत मुरैना क्राइम व अम्बाह थाना पुलिस ने दो बीघा खडी अफीम की फसल के साथ एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। विदित रहे कि पुलिस को मुखबिर के जरिए सूचना मिली की अम्बाह थाना अन्तर्गत ककरारी गॉव के पास बीहड के खेत में सरसो के बीच लगभग दो बीघा में लहलहाते फूलो से अफीम की फसल उगाई जारही है बिश्वसनीय मुखबिर सूचना की तस्दीक हेतु अम्बाह एसडीओपी अशोक सिह जादौन एव निरीक्षक रबीन्द्र सिह क्राइम दैबेन्द्र कुशबाह व साइबर से सचिन पटेल की पुलिस टीम के साथ मौके पर पहुंचकर देखा तो एक व्यक्ति वहा दिखा था, तभी उसने पुलिस टीम को देखा तो वह भागने की कोशिश करने लगा। पुलिस टीम ने उक्त व्यक्ति की घेराबंदी कर दबोच लिया। पुलिस ने जब उसको अफीम की खेती के बारे में पूछा तो पहले तो उसने मना किया जब उसे धमकाया तो उसने साफ साफ बता दिया कि यह अफीम की फसल हमारी ही पुलिस मय ब्यक्ति के पूरी फसल को कटबाकर थाने लेआई है खबर लिखे जाने तक पुलिस ने पंचान के समक्ष विधिवत कार्यवाहीं करने की प्रक्रिया जारी कर दी है उक्त कार्यवाहीं में निरी. अम्बाह रबिन्द्र सिह उप निरी. पारथ परिहार नीलम यादव एव क्राइम उप. निरीक्षक देबैन्द्र कुशबाह साइबर उप. सचिन पटेल ,एव क्राइम साइबर टीम कुलदीप दौहरे सतेन्द्र गुर्जर प्रसांन्त दण्डोतिया नरेन्द्र मोर्य संजीव अटल महेश शर्मा जोगेन्द्र भदौरिया एवं सभी पुलिस टीम की अहम भूमिका रहीं है

## प्रधानमंत्री जन कल्याण योजना की जानकारी के बारे में पूर्व विधायक ने गावों का किया दौरा

**पुष्पांजलि टूडे। पाली**

**पाली।** सुमेरपुर पूर्व विधायक मदन राठौड़ ने ग्रामीण क्षेत्रों का किया दौरा। ग्रामीण क्षेत्रों के दौरे में राठौड़ सहित भाजपा पदाधिकारी कार्यकर्ताओं ने सुमेरपुर तहसील के भावरी गिरादडा रुपावास दयालपुरा सहित अनेक गांवों में भारत को आत्मनिर्भर बनाने के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का संकल्प पूरा करते हुए जन कल्याण योजना की जानकारी आम जन तक पहुंचाने के लिए सुमेरपुर विधानसभा क्षेत्र के पूर्व विधायक मदन राठौड़ ने विभिन्न गांवों का दौरा कर जानकारी दी । आत्मनिर्भर वर्चुअल कार्यक्रम के तहत विभिन्न प्रकार की योजनाएं आमजन तक पहुंचाने के लिए ग्रामीण क्षेत्रों में चौपाल एवं जनसंपर्क कर किसान फसल बीमा 25त्न मुआवजा फसल खराबे की अनुदान राशि किसान के सीधे खाते में जमा की जाएगी। भारत सरकार आप मुद्दे पर भारत सपनों को साकार करते हुए प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत वर्ष 2022। 23 में 80 लाख घर हर गांव में पूरा करने के लिए ?42 हजार करोड़ रुपए आवंटित किए गए। घर घर जल कनेक्शन जोड़ने को व शिक्षा का उजियारा फैलाने में लाभदायक सिद्ध होगा। तब देश आत्मनिर्भर बनेगा । अर्थव्यवस्था की बारे में आयोजित कार्यक्रम के तहत पूर्व विधायक मदन राठौड़ ने दी जानकारी । इस मौके पर भाजपा जिला सहसंयोजक पायल पटेल विधायक प्रतिनिधि संजय बघेल भाजपा नेता हरी भाई पटेल पूर्व सरपंच दीपाराम बंजारा चेनाराम शेषाराम मंगलाराम भाटी देवीलाल नारायण सुथार चंदनपुरी गंगा पुरी ओम पुरी रुपावास नाथूराम देवासी मदन सिंह जय सिंह विजय सिंह भमा राम राजू भाई सीरवी गिराडडा दलपत सिंह तिलोक राम रूपा राम बुदाराम भावरी गणेशराम जिवाराम मोहनलालकड दयालपुरा सहित कई लोग मौजूद रहे



## शराब के नशे में युवक पर किया जानलेवा हमला, कोतवाली पुलिस ने किया मामूली धाराओं में मामला दर्ज

**दैनिक पुष्पांजलि टुडे जिला ब्यूरो चीफ टीकमगढ़ अजय खंगार**

**टीकमगढ़।** हाथ ठेले पर अंडे की विक्री कर अपना परिवार पालने वाले एक गरीब व्यक्ति से रंगदारी ना देने पर मारपीट की घटना को अंजाम दे दिया। मामला शुक्रवार को देर शाम ईदगाह मार्किट के पास का है। जहा 3 युवकों द्वारा शराब के नशे में धुत्त होकर गाली गलौज कर अंडे का ठेला लगाने वाले के साथ मारपीट कर दी। जिसके बाद मोहम्मद साबिर थाना कोतवाली पहुंचकर आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज कराया गया। जिसमें पीड़ित ने बताया कि तकरीबन 9 बजे की बात है ईदगाह मार्केट के पास रोज की तरह रात्रि में मैं अपना ठेला अंडे का लगाया था। ठेले के पास भक्ति सिंह और उसके 2 अन्य साथी के साथ आये औऱ अंडे मांगे और दुकानदार के पैसे मांगने पर गाली-गलीच करने लगें। जिसके बाद जब उन्हें गाली देने से मना किया तो उक्त तीनो आरोपियों द्वारा आवेदक के साथ लात-घूसों ओर मेरे ठेले पर रखा तबा उठा कर मेरे सिर पे मार दिया। जिससे सिर में काफी चोट आई है। जिसके बाद पीड़ित अपने जीजा के साथ कोतवाली पहुँच कर रिपोर्ट दर्ज कराई। परंतु कोतवाली पुलिस ने मामूली धाराओं में मामला दर्ज किया। जबकि पीड़ित के सिर में गंभीर चोट आई है।




## कैलारस जोरा ब्लॉक अध्यक्ष मिले अग्नि पीडीत दुकानदारों से

**कैलारस से गौरव शर्मा पुष्पांजलि टुडे**

**कैलारस-** ब्लॉक कॉग्रेश कमेटी जौरा के अध्यक्ष भानु प्रताप सिंह सिकरवार आज सब्जी मंडी में अग्नि पीड़ित दुकदारो से मिले ओर जानकारी देते हुए बताया कि सब्जी मंडी में शुक्रवार की रात को भीषण आगजनी की घटना हो गई जिसमें लालगभ 30 दुकानें जलकर राख हो गई आग लगने से लाखों रुपए का नुकसान हो गया हैं हो पिछले 3 वर्षों में आगजनी की यह तीसरी घटना है इसको लेकर ब्लॉक कांग्रेस कमेटी जौरा के अध्यक्ष भानु प्रताप सिंह सिकरवार ने मोके से ही तहसीदार भरत कुमार को फोन दुबारा कहा कि पीड़ित दुकानदारों को उचित मुआवजा दिया जाए वह सब्जी मंडी में पक्की दुकानों का निर्माण किया जाए पीने के पानी की व्यवस्था की जाए दुकानदारों की समस्या का समाधन नही हुआ तो ब्लॉक कॉग्रेश कमेटी के अध्यक्ष लक्ष्मी नारायण दुवे के नेतृत्व में ब्लॉक कांग्रेस पार्टी कैलारस आंदोलन करेगी अवसर पर ब्लॉक कॉग्रेश उनके साथ रामविलास धाकड़ ब्लॉक किसान कॉग्रेश कमेटी के अध्यक्ष एव एवम दुकानदार मौजूद रहे *सब्जी मंडी में हुई आगजनी की घटना को लेकर कांग्रेस ने ज्ञापन सौंपा* सब्जी मंडी में शुक्रवार की रात को भीषण आगजनी की घटना हो गई जिसमें सैकड़ों दुकानें जलकर राख हो गई आग लगने से लाखों रुपए का नुकसान हो गया ज्ञात हो कि पिछले 4 वर्षों में आगजनी की यह चौथी घटना है इसको लेकर ब्लॉक कांग्रेस कमेटी ने माननीय मुख्यमंत्री जी के नाम कैलारस तहसीलदार महोदय को ज्ञापन सौंपा जिसमें यह मांगें थी कि पीड़ित दुकानदारों को उचित मुआवजा दिया जाए वह सब्जी मंडी में पक्की दुकानों का निर्माण किया जाए वह फायर ब्रिगेड गाड़ी को दुरस्त किया जाए एवं प्रशासन से मांग की सब्जी मंडी में चौकीदार की व्यवस्था की जाए अगर जल्द ही दुकदारो कि समस्या का समाधान नही हुआ तो ब्लॉक कॉग्रेश कमेटी आन्दोल करेगी इस अवसर पर पंकज उपाध्याय, लक्ष्मी नारायण दुबे, डॉ धनीराम कुशवाहा ,राजाराम बंसल, ओम प्रकाश शर्मा ,रमेश कुशवाह, बृजेश करसोरिया, मुकेश शुक्ला, डॉ.शम्मा कुरेशी,डॉ.वीरेंद्र धाकड़, रामसुमेर शुक्ला, विजेंद्र गौड़ ,धर्म सिंह कुशवाह ,संतोष सोलंकी, तस्लीम कुरैशी ,यूसुफ राइन,अरुण सिकरवार,मोहित शुक्ला शेरू यादव,एवं सब्जी मंडी के दुकानदार उपस्थित थे



## भाजपा प्रदेश उपाध्यक्ष चौधरी मुकेश सिंह पूर्व विधायक ने दिखाई दरियादिली घायलों को अपनी गाड़ी से लेकर पहुँचे सिविल अस्पताल लहार ।

**संतोष सिंह भदौरिया**
**दैनिक पुष्पांजलि टुडे न्यूज़**

प्रदेश उपाध्यक्ष भाजपा एवम पूर्व विधायक मेहगांव मुकेश चौधरी लहार क्षेत्र की शादियों में सम्मलित होने लहार आ रहे थे तभी महुआ मोड़ पर लहार के ही सचिन सोनी एवम उनकी माँ श्री मति भगवती सोनी किसी जानवर के टकराने से घायल हो गए थे जो रॉड पर तड़प रहे थे और उनकी माँ बाहन रोक रहीं थी पर कोई उनकी मदद के लिए नही रुक रहा था तभी वहां से लहार में एक परबारिक शादी में सम्मिलित होने प्रदेश उपाध्यक्ष भाजपा मुकेश चौधरी गुजरे ओर अपनी गाड़ी रोककर घायलों से बात की ओर एम्बुलेंस को फोन लगाया पर एम्बुलेंस की देर देखकर बो स्वम् अपनी गाड़ी में घायलों को लेकर सिविल अस्पताल पहुँचे ओर उनका उपचार करबाया ओर जब तक कि उनके परिजन नही आये तब तक वहीं घायलों के मशीहा बनकर खड़े रहे ये देखकर वहां मौजूद लोगों के मुंह से सिर्फ यही निकला कि नेता हो तो ऐसा ओर वहीं जब घायलों के परिजन वहां पहुँचे तो सबने प्रदेश उपाध्यक्ष पूर्व विधायक मेहगांव मुकेश चौधरी का तहे दिल से सुक्रिया अदा किया तब जाकर कहीं मुकेश चौधरी सिविल अस्पताल से निकलकर शादियों में सम्मिलित होने पहुँचे।

### दिया सकारात्मक संदेश

प्रदेश उपाध्यक्ष एवम पूर्व बिधायक मेहगांव मुकेश चौधरी जी ने घायल युवक की न सिर्फ जान बचाई बल्कि लोगों को भी संदेश दिया कि घायल लोगों को अस्पताल पहुँचाने में देरी न करें, अक्सर लोग पुलिस कार्रवाई के डर से घायलों को सडक़ पर छोडक़र आगे बढ़ जाते हैं जिससे लोगों की जान भी चली जाती है इसलिए समय रहते घायल को अस्पताल पहुँचाये जिससे कि उनकी जान बचाने में हम उसके मददगार तो बनते ही है साथ साथ लाखों लोगों की दुआओं को बटोरने में सहभागी बनते है ।







## राघौगढ़ विधायक श्री जयवर्धन सिंह का क्षेत्र दौरा

**भोपाल।** राधौगढ़ विधायक श्री जयवर्धन सिंह जी दिल्ली से वापसी भोपाल दोपहर 2ः00 बजे एयरपोर्ट पर आगमन हुआ।बाबा साहब से मिलने के लिए ग्वालियर के समाजसेवी व सर्व समाज एवम किसानों के हित में काम करने वाले युवा जन नायक श्री सौरव शर्मा जी माननीय श्री बाबा साहब से मिलने पहुँचे।तथा माननीय विधायक जी के साथ में सौरभ शर्मा जी ने विभिन्न शादी समारोह में सम्मिलित हुए। विधायक जी ने अपने क्षेत्र की जनता को सुख व दुख में साथ रहने का वादा भी किया।

# मतदान करने हेतु मा0 आयोग द्वारा एपिक कार्ड सहित 12 विकल्प पत्र किए गए हैं जारी



**ब्यूरो सोनू कुमार माथुर**

**एटा।** जिलाधिकारी/जिला निर्वाचन अधिकारी अंकित कुमार अग्रवाल ने सूचित किया है कि जनपद की चारों विधानसभा क्षेत्रों में तृतीय चरण के तहत 20 फरवरी को प्रातः 7 बजे से सांय 6 बजे तक मतदान होगा। बूथ पर मतदान करने हेतु मतदाता पर्ची साथ लाने की कोई बाध्यता नहीं हैं। मतदाता अपने साथ मा0 आयोग द्वारा मतदान करने हेतु मतदाता फोटो पहचान पत्र के विकल्प के रूप में जारी किए गए दस्तावेजों में कोई एक साथ लेकर आएं और मतदान करें। प्रत्येक बूथ पर मतदाताओं को मत डालने में सुविधा प्रदान करने हेतु बीएलओ के साथ-साथ वालिन्टियर को भी लगाया गया जो मतदान करने में मतदाताओ की मदद करेंगे।

जिला निर्वाचन अधिकारी ने जिले के समस्त शैक्षणिक संस्थाओं, स्कूल, कॉलेज संचालकों, स्वयंसेवी संस्थाओं, संगठनों, व्यापार मण्डल के पदाधिकारियों, स्काउट गाइड, नेहरू युवा केन्द्र आदि से अपील की है कि वे लोगों को शतप्रतिशत मतदान करने हेतु प्रेरित करें, जिससे कि गत चुनावों में हुए मतदान के सभी रिकार्ड टूट जाएं। जिले में 18 वर्ष की आयु पूर्ण कर पहली बार मतदाता बने युवा वर्ग के लोग शतप्रतिशत मतदान करें। सभी बूथों पर कोविड हेल्पडेस्क की व्यवस्था की गई है, बूथ पर मास्क, सेनेटाइजर एवं ग्लब्स की उपलब्धता रहेगी। जिले की चारों विधानसभा क्षेत्र के सभी मतदाता कोविड प्रोटोकॉल का पालन करते हुए शतप्रतिशत मतदान करते हुए लोकतंत्र के इस महापर्व में अपनी भागीदारी सुनिश्चित करें।

**इन विकल्प पत्रों में से कोई एक साथ लेकर आएं और मतदान करें:** डीईओ ने कहा कि 20 फरवरी को जिले के सम्मानित मतदाताओं को अपनी पहचान सिद्ध करने के लिए मा0 आयोग द्वारा निर्धारित अपना आधार कार्ड, मनरेगा जॉब कार्ड, बैंकों/डाकघरों द्वारा जारी किये गये फोटोयुक्त पासबुक, श्रम मंत्रालय की योजना के अन्तर्गत जारी स्वास्थ्य बीमा स्मार्ट कार्ड, ड्राइविंग लाइसेंस, पैन कार्ड, एनपीआर के अन्तर्गत आरजीआई द्वारा जारी किये गये स्मार्ट कार्ड, भारतीय पासपोर्ट, फोटोमुक्त पेंशन दस्तावेज, केन्द्र/राज्य सरकार/लोक उपक्रम/पब्लिक लिमिटेड कम्पनियों द्वारा अपने कर्मचारियों को जारी किए गये फोटोयुक्त सेवा पहचान-पत्र, सांसदों/विधायकों/विधान परिषद सदस्यों को जारी किये गये सरकारी पहचान-पत्र, यूनिक डिसएबिलिटी आईडी (यूडीआईडी)कार्ड, सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्रालय, भारत सरकार वैकल्पिक फोटो पहचान दस्तावेजों में से कोई एक प्रस्तुत करना होगा

## सड़क सुरक्षा जागरूकता पत्रक का हुआ विमोचन



**दैनिक पुष्पांजली टुडे**

**अड़ोखर(भिण्ड)।** डॉ. श्याम बिहारी शर्मा की स्मृति में सड़क सुरक्षा जागरूकता कार्यक्रम के अंतर्गत आज श्रीमंत विजयाराजे सिंधिया महाविद्यालय अड़ोखर में मुख्य वक्ता के रूप में बोलते हुए प्रो.इकबाल अली ने बताया, कि हम सभी नागरिकों का यह कर्तव्य है कि हम यातायात नियमों का पालन करें, अल्पवयस्कों को वाहन न चलाने दे और ड्राइविंग लाइसेंस धारकों को ही हेलमेट सीटबेल्ट के साथ चालक की भूमिका के लिए प्रोत्साहित करें। सभी वाहनों पर अधिसंख्य सवारियों का बहिष्कार करें । प्रो. अली ने हेलमेट शब्द के अक्षरों का विशदीकरण करते हुए हेड,आई,लिप्स, माइंड,ईयर, टीथ की सुरक्षा हेतु दुपहिया चालकों के उपयोग हेतु सर्वथा हेलमेट के इस्तेमाल पर जोर दिया और वाहनों को सामान्य गति से चलाने की भी अपील की। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे कॉलेज के प्राचार्य डॉ.अवधराज सिंह तोमर ने कहा आज ड्राइविंग शिक्षा की भी महती आवश्यकता है पालकों को चाहिए वह अपने बच्चों को शिक्षा के साथ ड्राइविंग शिक्षा की भी जानकारी दिलाएं। तभी होने वाली सड़क दुर्घटनाओं से बचा जा सकेगा। डॉ. श्याम बिहारी शर्मा की स्मृति में बनाए गए ट्रैफिक रूल्स और संकेतों युक्त पत्रक का विमोचन तथा वितरण किया। कार्यक्रम का संचालन प्रो. रामानंद शर्मा और आभार इंजी.विजय प्रकाश शर्मा द्वारा किया गया। इस अवसर पर राम मोहन शर्मा, डॉ. लोकेंद्र सिंह चौहान, सेवाराम वर्मा, डॉ.आर.के. श्रीवास्तव, प्रो. एस.एस. सोलंकी, प्रो. वी.एस. कुशवाह आदि सहित विद्यार्थी ओर गणमान्य नागरिक उपस्थित रहै



## एक्साइज कस्टम ड्यूटी इंस्पेक्टर बने नरेंद्र कुशवाह का किया स्वागत

**अनिल कुशवाह ब्युरो**
**पुष्पांजलि टुडे**

अखिल भारतीय कुशवाह महासभा के जिलाध्यक्ष अवदेश कुशवाह ने एक्साइज × कस्टम ड्यूटी इंस्पेक्टर बने नरेंद्र कुशवाह दिल्ली जॉइन करने के बाद प्रथम ग्रह आगमन पर स्वागत,वन्दन,अभिनंदन किया अपने प्रियजनों ,इष्ट मित्रो बन्धुओं के साथ माल्यार्पण, शॉल ओढ़ाकर, श्रीफल भेंट कर बधाइयाँ दी और उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दी* एक्साइज × कस्टम ड्यूटी इंस्पेक्टर बने नरेंद्र कुशवाह इंस्पेक्टर बनने से पहले भी एस बी आई बैंक में भी नोकरी कर चुके है इस के बाद नरेंद्र जी ने पोस्ट ऑफिस मैं भी जॉइन की इस के भी उन्होंने अपने लक्ष्य को पाने की उम्मीद नही छोड़ी ओर इंस्पेक्टर बन कर अपना और अपनी समाज का नाम ऊँचा किया इस मोके पर समाज के पदाधिकारियों ने भी नरेंद्र कुशवाह का माला पहनाकर स्वागत किया इस मौके पर अखिल भारतीय कुशवाह महासभा के जिला अध्यक्ष अवधेश कुशवाहा अखिल भारतीय युवा महासभा के जिला अध्यक्ष विपिन कुशवाहा नगर अध्यक्ष मुकेश कुशवाहा राजेश कुशवाहा आईटीआई वाले सुधीर कुशवाहा स्कूल वाले कमल कुशवाहा सीए राम बाबू सिंह कुशवाहा नीरज कुशवाह गोलू कुशवाह राजेंद्र कुशवाहा कृष्णा टाइपिंग अनिल कुशवाहा मनोज कुशवाह विद्युत विभाग राजेश कुशवाहा लुधावली आदि कुशवाहा समाज के पदाधिकारी मौजूद रहे

## भारतीय छात्रों को यूक्रेन से भारत लाने के प्रयास जारी

**भोपाल।** जल संसाधन मंत्री तुलसीराम सिलावट ने यूक्रेन में पढ़ाई कर रहे बच्चों को भारत वापस लाने के लिये केन्द्रीय विमानन मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया से फोन पर चर्चा की है। केन्द्रीय विमानन मंत्री श्री सिंधिया ने आश्वस्त किया है कि विदेश मंत्रालय से लगातार संवाद जारी है और अनुमति मिलते ही विमान यूक्रेन के लिये भेजा जायेगा। यूक्रेन में पढ़ाई कर रहे सभी बच्चों को सकुशल वापस लाया जायेगा। केन्द्रीय मंत्री श्री सिंधिया ने फोन पर बताया कि भारत सरकार लगातार हर स्थिति को देख रही है और बच्चों की सकुशल घर वापसी शीघ्र कराई जायेगी। जल संसाधन मंत्री श्री सिलावट ने बताया कि अब तक जो जानकारी मिली है, उसके अनुसार मध्यप्रदेश के करीब 100 से अधिक छात्र यूक्रेन में पढ़ाई कर रहे हैं। सबसे अधिक छात्र इंदौर के हैं। जल संसाधन मंत्री ने कहा कि छात्रों की वापसी को लेकर मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान से भी चर्चा की है। उन्होंने भी छात्रों के सकुशल वापस लाने की बात कही है।

# दिनारा पुलिस का सराहनीय कार्य खोई हुई सोनी चांदी के जेवर 2.50 लाख रु. के परिवारजनो को किये सुपुर्द

**हरिओम चतुर्वेदी**
**पुष्पांजलि टुडे**

**शिवपुरी** - खबर जिले के दिनारा थाने से है जहां कुछ दिन पहले प्रदीप पुत्र वाबूलाल तिवारी निवासी राजापुर थाना रक्सा हाल निवासी राजेन्द्र नगर थाना सीपरी बाजार जिला झासी उ. प्र. का रक्सा जिला झासी से आये में अपने परिवार के साथ करैरा में शादी में सम्मिलत जा रहे थे बैंग

आप के पीछे रख दिया था जिसमें पहने ओढने के कपड़ों के अलावा एक गले का हार सोने का चार अगुठी सोने की, एक जोडी सोने की कानों की झुमकी, दो जोड़ी चादी की पायल कुल कीमती 25,00000/- रु. रखी थी जो जेवरात रखे बैंग को भूलवस आपे से नहीं उतार पाये थे जिसकी सूचना थाना दिनारा में दी गई थी।



व रि ष्ठ अधिकारियों के निर्देशन में दिनारा पुलिस द्वारा सी सी टी व्ही फुटेज आधार पर काफी तलाश एवं पूछताछ करने पर आपे क्र. यू.पी. 93 वी.टी. 0263 को तलाश किया एवं आपे मालिक का नाम पता ज्ञात कर आपे वाहन स्वामी मनीष पाल निवासी सिकन्दरा से संपर्क करने का प्रयास किया तो काफी प्रयास करने के बाद आप वाहन स्वामी से फोन पर चर्चा की तो आप घर पर रखकर शादी में बाहर जाना बताया आज आपे स्वामी के वापस आने पर आपे को चैक किया गया तो उक्त वैग आपे के पीछे रखा मिला वैग को चैक किया तो बैग में रखे जेवरात एव कपडे यथास्थित पाये गये। बैग में रखा उक्त सामान परिवारजन को सुपुर्द किया।

### उक्त सरहानीय कार्य में थाना प्रभारी दिनारा उप निरी.

संतोष भार्गव. सउनि संजय कुमार भगत, प्र. आर. हिमाचल सिंह आर. पीकेश कुमार आर आशीष शर्मा, आर. मनीष गोस्वामी, सैनिक हरीराम की सराहनीय भूमिका रही।



## सवाईमाधोपुर जिला अध्यक्ष एवं यूथ जिलाध्यक्ष राजेश सैनी ने ग्राम खण्डार का किया दौरा!

**सवाईमाधोपुर** - माली सैनी समाज जिला सवाई माधोपुर जिला अध्यक्ष सीएल गहलोत व यूथ जिलाध्यक्ष राजेश सैनी ने आज खंडार विधानसभा में निजी प्रोग्राम का दौरा किया इस दौरान जिलाध्यक्ष का सुखवास होटल पर माली समाज व अन्य समाज के द्वारा स्वागत किया गया इस अवसर पर समाज के युवा नेता जितेंद्र सैनी ने कहा देश की बढ़ती हुई युवा पीढ़ी को बिजनेस में आगे आना चाहिए चाहे बिजनेस छोटा हो या बड़ा मायने नहीं रखता क्योंकि जब आप बिजनेस करते हैं तो आपके साथ साथ और लोगों को रोजगार मिलता है जिससे देश के अंदर बेरोजगारी खत्म होती है जिस दिन देश का बच्चा-बच्चा बिजनेस करने लग जाएगा उस दिन देश के अंदर से गरीब खत्म हो जाएगी इसी प्रकार यूथ जिलाध्यक्ष राजेश सैनी ने कहा हमारे जीवन में पढ़ाई का बहुत बड़ा महत्व होता है इसलिए आप यह ना देखें बेटी है या बेटा दोनों को बराबर मानकर उच्च स्तरीय शिक्षा दिलाने का प्रयास करें क्योंकि शिक्षा के बिना आदमी अपाहिज होता है इस अवसर पर तहसील अध्यक्ष नरेंद्र सैनी पूर्व सरपंच लटूर पप्पू मुंशी प्रहलाद राम किशोर रामसहाय राजेंद्र जी चेतन जी घनश्याम मुकेश जी मान सिंह भागचंद आदि कार्यकर्ता मौजूद रहे

## थाना देवेंद्र नगर में डीजे और शादी संचालकों की मीटिंग संपन्न,सोशल मीडिया में प्रसारित भ्रामक खबरों का डीजे संचलको ने किया खंडन

**पन्ना जिला ब्यूरो गौरीशंकर कुशवाहा की खबर**

कल सोसल मीडिया में रात्रि 10 बजे के बाद डीजे बजाए जाने और 12 के छात्रों के पेपर का हवाला देते हुए एक खबर वायरल होने पर सजग थाना प्रभारी अभिषेक पांडे द्वारा नगर के सभी डीजे,और शादी हाल संचालकों की बैठक थाना देवेंद्र नगर परिसर में उपनिरीक्षक जया सोनी के निर्देशन में संपन्न कराई गई जिसमें वायरल हो रही खबर की पुष्टि हेतु प्रत्येक डीजे संचालक से वायरल खबर में लगी डीजे की फोटो की पड़ताल की गई जिसमें यह स्पष्ट हुआ की वायरल हो रही खबर मैं लगी फोटो भ्रामक है इस तरह का कोई भी डीजे देवेंद्र नगर के संचालकों द्वारा उपयोग नहीं किया जा रहा है ना ही उनके द्वारा रात्रि 10:00 के बाद डीजे बजाया जा रहा है। वहीं दूसरी ओर शादी हॉल के संचालकों को शादी हॉल में जरूरत की सभी जगहों पर सीसीटीवी कैमरे, सैनिटाइजर की व्यवस्था, कोरोना गाइडलाइन का पालन एवं अनजान व असामाजिक तत्वों की निगरानी जैसे मुद्दों पर सख्ती से पालन के लिए निर्देश दिए गए। बैठक के दौरान नगर के सभी डीजे संचालक और शादी हॉल संचालक उपस्थित रहे




# संगारेड्डी वडेर की प्राण प्रतिष्ठा धर्मगुरू दीवान माधवसिंह के सानिध्य में सम्पन्न हुई

**पुष्पाजंली टुडे/नारायणलाल सैणचा**

**हैदराबाद** -संगारेड्डी श्री आईमाता मंदिर वडेर प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव 19 फरवरी शनिवार को धर्मगुरू दीवान माधवसिंह व बाबा मंडली यज्ञ आचार्य पंडित के द्वारा प्राण-प्रतिष्ठा संपन्न हुई।मंत्रोच्चार करने के साथ श्रद्धालुओं ने हवन वेदी में आहुतियां दी। श्रद्धालुओं ने माता सहित देवताओं के दरबार में शीश नवाकर मंगल कामना की। प्रतिष्ठा में उमड़े श्रद्धालुओं के कारण संगारेड्डी में मेले जेसा माहौल रहा। महोत्सव में रात को भजन संध्या का आयोजन किया गया ।जिसमें भजन गायक ओम मुडेल गजेंद्र राव एंड पार्टी के गायकों व कलाकारों ने राजस्थानी भजनों के साथ नृत्य की प्रस्तुति देकर समाज बंधुओ का मन मोह लिया।अतिथीओं व बोलियों के लाभार्थीयों का बहुमान किया गया।महोत्सव के तहत सुबह मूर्तियों का न्यासध्यान अभिषेक किया गया।इसके बाद विधी-विधान से प्रतिमाओं की स्थापना की गई। मंदिर के शिखर पर ध्वजा चढ़ाई गई। ईण्डा भी चढ़ाया गया। प्रतिष्ठा के दौरान महाप्रसादी का आयोजन किया गया। आईपंथ के धर्मगुरू दीवान माधवसिंह की जयकारों से मंदिर परिसर गूंज उठा। महोत्सव के तहत दीवान माधवसिंह के कर कमलों द्वारा आईमाताजी की अखंड ज्योत व आईमाताजी पाठ की स्थापना की गई। गजानन व आईमाताजी की प्रतिभाएं स्थापित की गई।महोत्सव में धर्मगुरू दीवान माधवसिंह ने कहा कि भक्ति करने से जीवन सफल होता है।आईपंथ के सिद्धांतों पर चलने को कहा।गौ माता की रक्षा करने व नशा मुक्ति का संकल्प कराया। ने कहा कि धर्म व धर्मगुरू के बताए मार्ग पर चलने से जीवन में सफलता प्राप्त होती है। कहा की अच्छे संस्कार से परिवार को मजबूती मिलती है ।इस अवसर पर साजमसेवी रामलाल सेंणचा गांधीधाम, बिलाड़ा नगर पालिका अध्यक्ष रूपसिंह परिहार, कल्याणसिंह सीरवी ,संगारेड्डी वडेर के अध्यक्ष रूगाराम परिहारिया कोषाध्यक्ष लिखमाराम सानपुरा ,मंच संचालन घिसाराम चौधरी,मारवाड जंक्शन के पूर्व विधायक केसाराम चौधरी ,जिला परिषद् मंजू दिनेश कुमार सिवास ,पुणे से स्मार्ट बाजार शंकरलाल काग ,पार्ट मार्किट मोहनलाल काग सहित बड़ी संख्या में जनप्रतिनिधी मौजूद थे





## जिले में अमिट छाप छोड़ेगी गोहद काग्रेस, गोबिंद सिंह ने कार्यकर्ताओं से लिया संकल्प

**गोहद** ,सौ गद्दार नही एक बफादार की कहावत को चरितार्थ करते हुए गोहद ब्लॉक कांग्रेस कमेटी की बैठक को सम्बोधित करते हुए डॉ गोबिंद सिंह ने कहा कि हम एक ऐसी पार्टी की खिलाफत कर रहे है जिसके रग रग में झूठ छल कपट भरा हुआ वो जनता को गुमराह कर सत्ता पर काबिज होती है अगर अन्य कोई दल सत्ता प्राप्त करता है तो धनबल से सत्ता छिंलेतीहै ऐसा ही सन 2018 के विधानसभा चुनाव हुआ काग्रेस सदैव जनता के हित मे आवाज उठाती रही है 23फरवरी को पूर्व मुख्यमंत्री कमलनाथ के नेतृत्व में जिला मुख्यालय पर बिरोध प्रदर्शन किया जायेगा यहाँ ब्लॉक कांग्रेस कमेटीअध्यक्ष आशीष गुर्जर ने कहाकि गोहद काग्रेस ने प्रदेश जिला से मिले निर्देश का सदैव पालन किया गोहद से 7000कार्यकर्ता23को भिंड पहुचकर पूर्व मुख्यमंत्री कमलनाथ पूर्व मंत्री डॉ गोविंद सिंह की आवाज बुलंद करेगे यहाँ युवा नेता कुलदीप गुर्जर शेलेन्द्र गुर्जर ने कहा कि जिला मुख्यालय पर होने वाले प्रदर्शन में युवा महत्वपूर्ण भूमिका अदा करेगे बैठक में मंडलम सेक्टर के कार्यकर्ताओं को जिम्मेदारी प्रदान की गई बैठक में बिधायक मेवाराम जाटव राघवेंद्र शर्मा, रामनारायण हिंडोलिया,, संग्राम तोमर ,साबू खान ,,सलीम खान,ब्रजेन्द्र शर्मा, बाबूलाल चौरसिया ,टोनी मुदगल , राजकुमार देश लहरा अमन बख्ड केशव थापक ,मुन्नालाल सोनी ,अमर शर्मा अजीत शर्मा आदि उपस्थित थे

# एशिया के सबसे बड़े गोबर-धन प्लांट के लोकार्पण के साक्षी बने शहर के गणमान्य नागरिक





## स्वच्छता जागरूकता कार्यक्रम के तहत विभिन्न प्रस्तुतियों का हुआ आयोजन

## ग्वालियर को स्वच्छ बनाने की सभी ने ली शपथ

ग्वालियर। मध्यप्रदेश के इंदौर शहर में आज शनिवार को देश के प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी एवं प्रदेश के मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान ने एशिया के सबसे बड़े 550 मीट्रिक टन क्षमता के गोबर-धन बायो सीएनजी प्लांट का लोकार्पण किया। इस आयोजन का सीधा प्रसारण नगर निगम ग्वालियर द्वारा शहर के विभिन्न स्थानों पर किया गया। जिसमें लगभग 5000 की संख्या में शहर वासियों ने उपस्थित होकर प्रधानमंत्री के उदबोधन को सुना और इस ऐतिहासिक क्षण के साक्षी बने।

नगर निगम ग्वालियर द्वारा मुख्य कार्यक्रम का आयोजन जीवाजी विश्वविद्यालय के अटल सभागार में किया गया। जिसमें प्रदेश के ऊर्जा मंत्री श्री प्रद्युम्न सिंह तोमर, खाद्य प्रसंस्करण एवं उद्यानिकी राज्य मंत्री श्री भारत सिंह कुशवाह, सांसद श्री विवेक नारायण शेजवलकर, मप्र बीज विकास निगम के अध्यक्ष श्री मुन्नालाल गोयल, भाजपा जिलाध्यक्ष श्री कमल माखीजानी, पूर्व महापौर श्रीमती समीक्षा गुप्ता, नगर निगम आयुक्त श्री किशोर कन्याल सहित बड़ी संख्या में स्थानीय जनप्रतिनिधी एवं समाजसेवी एवं नगर निगम के सभी अधिकारी व कर्मचारी उपस्थित रहे । कार्यक्रम के प्रारंभ में स्वच्छता जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

स्वच्छता जागरूकता कार्यक्रम के तहत समाजसेवी संस्थाओं के कार्यकर्ताओं द्वारा स्वच्छता जागरूकता के लिए तैयार किए गए नुक्कड़ नाटक की प्रस्तुति दी। इसके साथ ही कार्यक्रम में उपस्थित नागरिकों को स्वच्छता के बारे में विभिन्न जानकारियां दी । सभी को स्वच्छता की शपथ निगमायुक्त श्री किशोर कन्याल ने दिलाई। इसके साथ निगमायुक्त श्री कन्याल ने निगम द्वारा स्वच्छता के लिये किये जा रहे कार्यों का प्रजेंटेशन दिया। साथ ही कहा स्वच्छता एक व्यक्ति या एक दिन का कार्य नही हैं सभी के सहयोग से ही हम शहर को स्वच्छता में नम्बर एक बना सकते हैं। कार्यक्रम के अंत में विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं के पात्र हितग्राहियों को शासन की योजनाओं के हितलाभ वितरण एवं एनयूएलएल की महिलाओं का सम्मान किया गया।

### शहर में अन्य स्थानों पर भी किया गया कार्यक्रम का सीधा प्रसारण

इसके साथ ही शहर के महाराज बाड़ा स्थित टाउन हॉल पर भी कार्यक्रम का सीधा प्रसारण किया गया। इस कार्यक्रम में बड़ी संख्या में क्षेत्रीय नागरिकों एवं जनप्रतिनिधियों ने उपस्थित होकर कार्यक्रम का सीधा प्रसारण देखा। साथ ही हजीरा स्थित इंटक मैदान में भी नगर निगम ग्वालियर द्वारा प्रधानमंत्री के कार्यक्रम का सीधा प्रसारण किया गया जिस में उपस्थित होकर बड़ी संख्या में क्षेत्रीय नागरिकों ने माननीय प्रधानमंत्री जी के उद्बोधन को सुना। इसके साथ ही नगर निगम के सभी क्षेत्रीय कार्यालयों पर निगम के कर्मचारियों ने प्रधानमंत्री के कार्यक्रम का सीधा प्रसारण देखा और मध्यप्रदेश के इंदौर में प्रारंभ किए गए गोबर धन बायो सीएनजी प्लांट के लोकार्पण के साक्षी बने।

# जागरूकता रैली निकालकर, जन-जन को दिया स्वच्छता का संदेश

### सामाजिक स्वयंसेवी संस्थाओं के माध्यम से आम जनों को किया जा रहा है स्वच्छता के प्रति जागरूक



ग्वालियर। नगर निगम ग्वालियर द्वारा स्वच्छता सर्वेक्षण 2022 के तहत आम जनों को स्वच्छता के प्रति जागरूक करने के लिए स्वयंसेवी संस्थाओं के माध्यम से नुक्कड़ नाटक , घर-घर जाकर संवाद सहित जागरूकता रैली निकालकर आम जनों को स्वच्छता के प्रति जागरूक किया जा रहा है। इसी के तहत आज नगर निगम मुख्यालय से एक वृहद स्वच्छता जागरूकता रैली निकाली गई। रैली के माध्यम से जन-जन तक स्वच्छता का संदेश पहुंचाया गया। नगर निगम आयुक्त श्री किशोर कन्याल के मार्गदर्शन में निगम की आई ई सी टीम द्वारा स्वच्छता के प्रति ग्वालियर शहर में वातावरण निर्मित करने एवं आम जनों को स्वच्छ ग्वालियर मिशन में सहभागी बनाने के लिए निरंतर विभिन्न प्रकार के कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है तथा शहर की गली मोहल्लों एवं कॉलोनियों में जाकर स्वयंसेवी संस्थाओं के स्वयंसेवक आम जनों को स्वच्छता के प्रति जागरूक कर रहे हैं और अपने शहर ग्वालियर को देश का सबसे स्वच्छ शहर बनाने के लिए सहभागिता की अपील कर रहे हैं। इसी के तहत आज शनिवार को सिटी सेंटर स्थित निगम मुख्यालय से प्रारंभ की गई स्वच्छता जागरूकता रैली को अपर आयुक्त श्री अत्येंद्र सिंह गुर्जर एवं उपायुक्त श्री सत्यपाल सिंह चौहान ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। सिटी सेंटर में पटेल नगर, एसबीआई चौराहा होते हुए विभिन्न प्रमुख मार्गों से रैली जीवाजी विश्वविद्यालय के अटल सभागार में पहुंची। जागरूकता रैली में स्वयंसेवकों द्वारा दुकानदारों एवं कॉलोनियों में नागरिकों को स्वच्छता में भागीदारी करने का आग्रह किया तथा सभी दुकानदारों एवं अन्य नागरिकों से अपनी दुकान के बाहर डस्टबिन रखने एवं सड़क पर कचरा ना फैलाने की अपील की। रैली में चल रहे स्वयंसेवकों ने तख्तियों व नारों के माध्यम से जन-जन तक स्वच्छता का संदेश पहुंचाया। रैली में लगभग 200 स्वयंसेवकों ने आम जनों को जन जागरूकता का संदेश दिया।

## संक्षिप्त समाचार

### डीएलएड और डीपीएसई संस्थान 10 मार्च तक कर सकेंगे सम्बद्धता के लिए आवेदन

ग्वालियर। डीएलएड एवं डीपीएसई (पीपीटीसी) पाठ्यक्रम संचालित करने वाले संस्थान सत्र 2022-23 हेतु नवीन संबद्धता एवं संबद्धता नवीनीकरण आवेदन 10 मार्च तक माध्यमिक शिक्षा मंडल कार्यालय में जमा कर सकते हैं। निर्धारित आवेदन प्रपत्र मंडल की वेबसाइट पर उपलब्ध है। निर्धारित शुल्क सचिव, के नाम, माध्यमिक शिक्षा मंडल, मप्र भोपाल परिसर में स्थित यूको बैंक, शाखा हबीबगंज में चालान अथवा आरटीजीएस, एनईएफटी के माध्यम से (खाता क्रमांक 02830100006001 आईएफसी नंबर यूसीबीए 0000283) जमा कर सकते हैं। शुल्क सहित आवेदन की प्रति 10 मार्च तक मंडल कार्यालय में आवश्यक रूप से प्रस्तुत किया जाना सुनिश्चित करें। शुल्क मंडल खाते में स्थानांतरित नहीं होने की स्थिति में संपूर्ण जवाबदारी संस्था की होगी। साथ ही संस्था द्वारा संबद्धता नवीनीकरण हेतु प्रस्तुत आवेदन के संलग्न 100 रुपये के स्टाम्प पर नोटरी कराकर इस आशय का शपथ-पत्र प्रस्तुत करें कि संस्था एनसीटीई से सत्र 2022-2023 हेतु मान्यता प्राप्त है।

### मदरसों की मान्यता नवीनीकरण के ऑनलाइन आवेदन 22 फरवरी से

ग्वालियर। राज्य मदरसा बोर्ड द्वारा शिक्षण-सत्र 2022 23 के लिए मदरसों की मान्यता नवीनीकरण के आवेदन 22 फरवरी से 21 मार्च 2022 तक किये जा सकते हैं। एमपी ऑनलाइन पोर्टल पर ऑनलाइन आवेदन की सुविधा उपलब्ध कराई गई है। आवेदन से संबंधित आवश्यक सर्कुलर और जानकारी मदरसा बोर्ड की वेबसाइट और एमपी ऑनलाइन के मदरसा बोर्ड पोर्टल पर उपलब्ध है। मदरसों को ऑनलाइन आवेदन करने के साथ आवेदन की एक प्रति सभी दस्तावेजों के साथ मदरसा बोर्ड और जिला शिक्षा अधिकारी कार्यालय में जमा करना आवश्यक होगा।

# भारतीय छात्रों को यूक्रेन से भारत लाने के प्रयास जारी

### जल संसाधन मंत्री श्री सिलावट ने केन्द्रीय विमानन मंत्री से किया आग्रह



ग्वालियर। जल संसाधन मंत्री श्री तुलसीराम सिलावट ने यूक्रेन में प?ाई कर रहे बच्चों को भारत वापस लाने के लिये केन्द्रीय विमानन मंत्री श्री ज्योतिरादित्य सिंधिया से फोन पर चर्चा की है।

केन्द्रीय विमानन मंत्री श्री सिंधिया ने आश्वस्त किया है कि विदेश मंत्रालय से लगातार संवाद जारी है और अनुमति मिलते ही विमान यूक्रेन के लिये भेजा जायेगा। यूक्रेन में पढ़ाई कर रहे सभी बच्चों को सकुशल वापस लाया जायेगा।

केन्द्रीय मंत्री श्री सिंधिया ने फोन पर बताया कि भारत सरकार लगातार हर स्थिति को देख रही है और बच्चों की सकुशल घर वापसी शीघ्र कराई जायेगी। जल संसाधन मंत्री श्री सिलावट ने बताया कि अब तक जो जानकारी मिली है, उसके अनुसार मध्यप्रदेश के करीब 100 से अधिक छात्र यूक्रेन में पढ़ाई कर रहे हैं। सबसे अधिक छात्र इंदौर के हैं। जल संसाधन मंत्री ने कहा कि छात्रों की वापसी को लेकर मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान से भी चर्चा की है। उन्होंने भी छात्रों के सकुशल वापस लाने की बात कही है।

# राज्य स्तरीय बॉक्सिंग प्रतियोगिता 21मार्च से ग्वालियर में होंगी

ग्वालियर। नगर पालिक निगम ग्वालियर द्वारा राज्य स्तरीय बॉक्सिंग प्रतियोगिता( बालक बालिका) का आयोजन21 मार्च से ग्वालियर में किया जाएगा। *नगर निगम के नोडल अधिकारी श्री सतपाल सिंह चौहान ने जानकारी देते हुए बताया कि नगर निगम द्वारा राज्य स्तरीय बॉक्सिंग प्रतियोगिता का आयोजन 21 मार्च से 26 मार्च 2022 तक एकलव्य खेल परिसर में आयोजित होगी इस प्रतियोगिता में लगभग 400 बालक बालिका बॉक्सर हिस्सा लेंगे। यह प्रतियोगिता विभिन्न वर्गों में आयोजित की जाएगी जिसमें सब जूनियर, जूनियर , यूथ एवं सीनियर वर्ग शामिल है इस 6 दिवसीय प्रतियोगिता में दो दिवस बालिकाओं के लिए एवं चार दिवस तक बालक वर्गों की प्रतियोगिता कराएं जाने का निर्णय बैठक में लिया गया है बैठक में खेल अधिकारी श्री सतपाल सिंह चौहान, रियल हीरो अवार्डी बॉक्सिंग कोच श्री तरनेश तपन, एवं सहायक खेल अधिकारी अयोध्या शरण शर्मा आदि खेल प्रेमी उपस्थित थे।

# ठेलों पर डस्टबिन नहीं मिलने पर संबंधित ए एच ओ एवं डब्ल्यूएचओ को कारण बताओ नोटिस

### नगर निगम आयुक्त श्री कन्याल ने अनेक स्थानों पर देखी सफाई व्यवस्था, दिए आवश्यक निर्देश



ग्वालियर। नगर निगम आयुक्त श्री किशोर कन्याल ने आज शनिवार को शहर के विभिन्न स्थानों पर सफाई व्यवस्था का निरीक्षण किया तथा जहां भी गंदगी मिली जुर्माना करने की कार्रवाई की गई और किला गेट क्षेत्र में ठेलों पर सही डस्टबिन नहीं पाए जाने पर संबंधित क्षेत्र के सहायक स्वास्थ्य अधिकारी एवं डब्ल्यूएचओ को कारण बताओ नोटिस जारी किए।

नगर निगम आयुक्त श्री कन्याल ने सफाई व्यवस्था की मॉनिटरिंग के लिए शहर के विभिन्न क्षेत्रों में भ्रमण कर साफ सफाई व्यवस्था को देखा। निगमायुक्त ने 7 नंबर चौराहा मुरार पर पहुंचकर सफाई व्यवस्था का निरीक्षण किया वहां श्री राम मिष्ठान भंडार के पास गंदगी देखकर नाराजगी व्यक्त करते हुए संबंधित पर 2000 रुपए का जुर्माना किया। इसके साथ ही वहां फैल रही सीवर लाइन को तत्काल ठीक कराने के निर्देश दिए।

इसके साथ ही प्रमुख मार्गों पर सफाई व्यवस्था देखते हुए निगमायुक्त श्री कन्याल हजीरा चौराहे पर पहुंचे तथा नाश्ते के ठेलों पर गंदगी देखते हुए जुर्माना लगाने के निर्देश दिए। वहीं किला गेट स्थित वार्ड नंबर 9 में सफाई व्यवस्था का निरीक्षण करते हुए विभिन्न क्षेत्रों में जहां गंदगी पाई गई तत्काल सफाई कराने के निर्देश संबंधित ए एच ओ एवं डब्ल्यूएचओ को दिए इसके साथ ही किला गेट पर कुछ ठेलों पर व्यवस्थित डस्टबिन नहीं थे जिसको लेकर संबंधित एएचओ एवं डब्ल्यूएचओ को कारण बताओ नोटिस जारी किया गया। इसके साथ ही कचरा संग्रहण वाहन पर पीले व काले डब्बे नहीं पाए गए।




# पंचकल्याण महोत्सव मंगल कलश घटयात्रा में जैन समाज के लोग उमड़े

### पंचकल्याणक शोभयात्रा में बग्गियों, हाथी पर इंद्रा इंद्राणी सवार होकर पहुँचे अयोध्या नगरी

### शोभायात्रा में देव, शास्त्र, गुरु के संग भक्तो में उल्लास, शोभायात्रा में अनुयाई उमड़ा पडे, अभिषेक और जैन संतो के प्रवचन हुए।





ग्वालियर-राष्ट्रसंत मुनिश्री 108 विहर्ष सागर जी महाराज एवं विजयेश सागर महाराज, मुनिश्री विनिबोध सागर महाराज, व ऐलक श्री विनियोग सागर महाराज के सानिध्य में 18 फरवरी से 27 फरवरी तक (अयोध्या नगरी) फूलबाग मैदान में पंचकल्याणक महोत्सव के दूसरे दिन शनिवार को विहर्ष पंचकल्याणक समिति व समन्वयक जैन मिलन ग्वालियर की ओर से नई सड़क स्थित चंपाबाग धर्मशाला से विशाल मंगल कलश घटयात्रा निकाली गई।

शोभायात्रा का शुभारंभ ग्वालियर सासंद विवेक नारायण शेजवलकर ने मुनिश्री के सानिध्य में जैन ध्वज दिखकर रवाना की। घटयात्रा नई सड़क से शुरू होकर गस्त का ताजिया, फालका बाजार, शिंदे की छावनी, मॉल के सामने से होते हुए कार्यक्रम स्थल अयोध्या नगरी फूलबाग मैदान पहुंचेगी। शोभायात्रा में सबसे आगे सौधर्म इंद्रा व कुबेर इंद्रा हाथी पर सवार थे घोडे युवा जैन ध्वजालेकर चल रहे थे।इंद्रा-इंद्राणिया फूलों से सज्जी 24 बागियो मे सवार थे। महिलाऍं केसरिया साडीयों में मंगल कलश सिर पर रखकर व मंगल गीत गाकर चल रही थी। डीजे व बैंड की धुन पर युवक और युवातिया नृत्य कर थे। वही महिला सगंठनो ने पूरे रास्ते डांडिया गरबा खेलाती हुई चल रही थी। ढोल ताशे के साथ तीनो रथो में भगवान जिनेंद्र की प्रतिमाएं विराजित थी। जैन समाज के लोगो ने अपने घर के द्वारे पर भव्य रंगोली बनकर रथ की आगवानी के साथ मुनिराजों का पादप्रक्षालन व भगवान जिनेद्र की भव्य आरती उतारी।

**आयोजन समिति ने प्रतिष्ठाचार्य को अनुष्ठान के लिए आमंत्रित किया**

महोत्सव के प्रवक्ता सचिन जैन ने बताया कि मुनिश्री के सानिध्य में पंचकल्याण महोत्सव के प्रतिष्ठाचार्य पंडित अजित कुमार शास्त्री, सह प्रतिष्ठाचार्य पंडित चंद्राप्रकाश चंदर जैन, अरविंद जैन दिल्ली, सुनिला भड़ारी, हुकुमचंद्र जैन व सम्मेद उपाध्याय कर्नाटक को आंमत्रित किया! खाद बीज निगम के अध्यक्ष मुन्नलाल गोयल ने भी मुनिश्री का आशीर्वाद लिए। आयोध्य नगरी के राजा सिंघई महेशचंद जैन शेलेज जैन परिवार का सम्मान आयोजन समिति डॉ वीरेंद्र गंगवाल, श्यामलाल विजवर्गी, अजीत वरैया, संयुक्त अध्यक्ष विकास गंगवाल, महामंत्री पवन जैन पत्रकार, स्वागत अध्यक्ष विमल जैन, मुख्यसंयोजक बालचंद जैन, विनय कासलीवाल, वीरेंड जैन, पंकज जैन आदि ने किया।

**शुभारंभ ध्वजारोहण, मंच व पंडाल उद्घाटन के साथ हुआ**

पंचकल्याण महोत्सव का शुभारंभ मुनिश्री विहर्ष सागर महाराज ससंघ के सानिध्य एवं प्रतिष्ठाचार्य अजित कुमार शास्त्री ने मंत्र उच्चारण के साथ ध्वजारोहणकर्ता सुनील मंजू जैन परिवार ने शुभारंम किया। पंडाल का फीट खोलकर निर्मल कुमार जैन मारसन्स ग्वालियर एंव मंच उद्घाटन निर्मल मंजू शोभित निशा पाटनी परिवार किया।

**इंद्रो ने भगवान का अभिषेक व इदाणियों ने वेदी की शुद्धि**

पंच कल्याणक महोत्सव में इंदो ने भगवान के अभिषेक एवं शांतिधार की। महिलाओ मंगल कलशों के जल से पंडाल और वेदी शुद्धि की क्रिया जैन विधि के अनुसार कराई। इसके बाद इंद्रा-इंदाणियों ने यागमंडल आराधना पूजन की गई।

**रात्रि में माता मरूदेवी ने देखे 16 सपने का मंचन हुआ**

तीर्थंकर भगवान के गर्भ मे आने से पहले ही पृथ्वी पर शुभ लक्षण दिखाई देने लगते है। ठीक इसी तरह भगवान आदीनाथ की माता मरूदेवी को 16 सपने दिखाई दिए।

स्वात्वाधिकारी, प्रकाशक, मुद्रक, एवं संपादक-भरत सिंह चौहान। पुष्पांजली प्रिंटर्स-गोवर्धन कॉलेनी, भिण्ड रोड, गोला का मंदिर, जिला ग्वालियर (म.प्र.) से मुद्रित एवं दीपू इलेक्ट्रोनिक्स, पंजीयन क्रमांक/ एम.पी.एच.आई.एन. /31130 नियर हनुमान मंदिर, गोवर्धन कॉलोनी, भिण्ड रोड, गोला का मंदिर, ग्वालियर (म.प्र.) से प्रकाशित। सम्पादक - भरत सिंह चौहान E-mail : pushpanjalitoday17@gmail.com 0751-4901333, M.: 8269307478